﴾6﴿.....अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अ़लिय्युल मुर्तज़ा كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهُ الْكَرِيْم इरशाद फ़रमाते हैं : "दुन्या अ़मल का घर है जिस में बदला नहीं और आख़िरत बदले की जगह है जिस में अ़मल नहीं। लिहाज़ा अ़मल के घर दुन्या में, जज़ा के घर आख़िरत के लिये नेक आ'माल कर लो।"(2)

अच्छी निय्यतों का बदला :

﴾7﴿.....ह़ज़रते सय्यिदुना ह़सन बसरी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِى फ़रमाते हैं : "**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ अह्ले जन्नत से फ़रमाएगा : मेरी रह़मत से जन्नत में दाख़िल हो जाओ, अपनी अच्छी निय्यतों के बदले इस में हमेशा रहो और अपने आ'माल के ए'तिबार से इस में तक़्सीम हो जाओ।"(3)

(मुसन्निफ़ رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं) मैं ने जज़ा व सज़ा पर येह दलाइल तम्बीह के लिये बयान किये हैं वरना येह तो हर आ़मो ख़ास को मा'लूम है और ऐसी बात आ़म कुन्द ज़ेह्न लोगों से भी मख़्फ़ी नहीं होती।

❁❁❁❁❁❁❁

---

1 ...المعجم الاوسط،الحديث:٧٣٥٦،ج٥،ص٢٨٨.

2 ...ايقاظ الهم شرح متن الحكم، ص١٢٦،مختصراً.

3 ...بريقة محمودية فى شرح طريقة محمدية،الباب الثانى،فصل الامل وهوالعاشر، الجزء٣،ص٧١.

www.dawateislami.net

बाब नम्बर 3 : रिज़ा व नाराज़ी, वा'दा व वईद का बयान

बेशक **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने अपनी मशिय्यत से अपनी रिज़ा व ख़ुशनूदी को अपनी इत़ाअ़तो फ़रमां बरदारी में और नाराज़ी को गुनाहों में पोशीदा रखा है। अपनी रह़मत से फ़रमां बरदारों को जन्नत में दाख़िल करने का वा'दा फ़रमाया है और अपने अ़द्लो हिक्मत से गुनहगारों को जहन्नम में दाख़िल करने की वईद सुनाई है। चुनान्चे,

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

تِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِؕ وَمَنْ يُّطِعِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ يُدْخِلْهُ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا وَذٰلِكَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿۱۳﴾ وَمَنْ يَّعْصِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَيَتَعَدَّ حُدُوْدَهٗ يُدْخِلْهُ نَارًا خَالِدًا فِيْهَا ۪ وَلَهٗ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ﴿۱۴﴾ (پ٤، النساء: ١٣، ١٤)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *येह* **अल्लाह** *की ह़दें हैं और जो हुक्म माने* **अल्लाह** *और* **अल्लाह** *के रसूल का* **अल्लाह** *उसे बाग़ों में ले जाएगा जिन के नीचे नह्रें रवां, हमेशा उन में रहेंगे और येही है बड़ी कामयाबी और जो* **अल्लाह** *और उस के रसूल की ना फ़रमानी करे और उस की कुल ह़दों से बढ़ जाए* **अल्लाह** *उसे आग में दाख़िल करेगा जिस में हमेशा रहेगा और उस के लिये ख़्वारी का अ़ज़ाब है।*

जन्नत और मग़्फ़िरत की त़रफ़ जल्दी करो :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने ईमान वालों को मग़्फ़िरत और जन्नत की त़रफ़ जल्दी करने, अपने आप को और अपने घरवालों को जहन्नम की आग से बचाने, अह़कामात को बजा लाने और ना फ़रमानियों से ख़ुद को बचाने का हुक्म इरशाद फ़रमाया है। चुनान्चे,

www.dawateislami.net

इरशाद होता है :

وَ سَارِعُوْۤا اِلٰى مَغْفِرَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَجَنَّةٍ عَرْضُهَا السَّمٰوٰتُ وَالْاَرْضُۙ اُعِدَّتْ لِلْمُتَّقِيْنَۙ﴿۱۳۳﴾

(پ٤،ال عمران:١٣٣)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और दौड़ो अपने रब की बख़्शिश और ऐसी जन्नत की त़रफ़ जिस की चौड़ान में सब आस्मानो ज़मीन आ जाएं परहेज़गारों के लिये तय्यार रखी है।*

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا قُوْۤا اَنْفُسَكُمْ وَاَهْلِيْكُمْ نَارًا وَّ قُوْدُهَا النَّاسُ وَالْحِجَارَةُ عَلَيْهَا مَلٰٓىٕكَةٌ غِلَاظٌ شِدَادٌ لَّا يَعْصُوْنَ اللّٰهَ مَاۤ اَمَرَهُمْ وَ يَفْعَلُوْنَ مَا يُؤْمَرُوْنَ﴿۶﴾

(پ٢٨، التحريم:٦)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *ऐ ईमान वालो अपनी जानों और अपने घरवालों को आग से बचाओ जिस के ईंधन आदमी और पथ्थर हैं उस पर सख़्त करें (त़ाक़तवर) फ़िरिश्ते मुक़र्रर हैं जो **अल्लाह** का हुक्म नहीं टालते और जो उन्हें हुक्म हो वोही करते हैं।*

❀❀❀❀❀❀❀

बाब नम्बर 4 : इ़बादत गुज़ारों और इत़ाअ़त शिआ़रों पर इन्आ़मो इक्राम का बयान

फ़रामीने बारी तआ़ला :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

﴾1﴿ مَنْ عَمِلَ صَالِحًا مِّنْ ذَكَرٍ اَوْ اُنْثٰى وَهُوَ مُؤْمِنٌ فَلَنُحْيِيَنَّهٗ حَيٰوةً طَيِّبَةً ۚ (پ١٤،النحل:٩٧)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *जो अच्छा काम करे मर्द हो या औ़रत और हो मुसलमान तो ज़रूर हम उसे अच्छी ज़िन्दगी जिलाएंगे।*

www.dawateislami.net

﴿2﴾ وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا مِنْكُمْ وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَیَسْتَخْلِفَنَّهُمْ فِی الْاَرْضِ كَمَا اسْتَخْلَفَ الَّذِیْنَ مِنْ قَبْلِهِمْۗ وَ لَیُمَكِّنَنَّ لَهُمْ دِیْنَهُمُ الَّذِی ارْتَضٰى لَهُمْ وَ لَیُبَدِّلَنَّهُمْ مِّنْۢ بَعْدِ خَوْفِهِمْ اَمْنًاؕ

(پ۱۸، النور: ۵۵)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *अल्लाह ने वा'दा दिया उन को जो तुम में से ईमान लाए और अच्छे काम किये कि ज़रूर उन्हें ज़मीन में ख़िलाफ़त देगा जैसी उन से पहलों को दी और ज़रूर उन के लिये जमा देगा उन का वोह दीन जो उन के लिये पसन्द फ़रमाया है और ज़रूर उन के अगले ख़ौफ़ को अम्न से बदल देगा।*

﴿3﴾ اِنَّ الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ اِنَّا لَا نُضِیْعُ اَجْرَ مَنْ اَحْسَنَ عَمَلًا ﴿۳۰﴾ اُولٰٓىٕكَ لَهُمْ جَنّٰتُ عَدْنٍ تَجْرِیْ مِنْ تَحْتِهِمُ الْاَنْهٰرُ یُحَلَّوْنَ فِیْهَا مِنْ اَسَاوِرَ مِنْ ذَهَبٍ وَّ یَلْبَسُوْنَ ثِیَابًا خُضْرًا مِّنْ سُنْدُسٍ وَّ اِسْتَبْرَقٍ مُّتَّكِـٕیْنَ فِیْهَا عَلَى الْاَرَآىٕكِؕ نِعْمَ الثَّوَابُؕ وَ حَسُنَتْ مُرْتَفَقًا ﴿۳۱﴾

(پ۱۵، الکھف: ۳۰، ۳۱)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *बेशक जो ईमान लाए और नेक काम किये हम उन के नेग (अज्र) ज़ाएअ़ नहीं करते जिन के काम अच्छे हों उन के लिये बसने के बाग़ हैं उन के नीचे नदियां बहें वोह उस में सोने के कंगन पहनाए जाएंगे और सब्ज़ कपड़े करेब और क़नादीज़ के पहनेंगे वहां तख़्तों पर तकया लगाए क्या ही अच्छा सवाब और जन्नत क्या ही अच्छी आराम की जगह।*

﴿4﴾ اِنَّ الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ سَیَجْعَلُ لَهُمُ الرَّحْمٰنُ وُدًّا ﴿۹۶﴾

(پ۱۶، مریم: ۹۶)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *बेशक वोह जो ईमान लाए और अच्छे काम किये अ़न क़रीब उन के लिये रह़मान मह़ब्बत कर देगा।*

www.dawateislami.net

ह़ज़रते सय्यिदुना अ़ब्दुल्लाह बिन अ़ब्बास رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا इस की तफ़्सीर में फ़रमाते हैं : "**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ उन्हें अपना महबूब भी बनाएगा और मोमिनीन का भी ।"

अह़ादीसे मुबारका व अक़्वाले सालिह़ीन

वलिय्युल्लाह की शान :

﴿1﴾.....हुज़ूर नबिय्ये पाक, साह़िबे लौलाक, सय्याहे अफ़्लाक صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है : "जिस ने मेरे किसी वली से दुश्मनी की मैं उस से ए'लाने जंग करता हूं और बन्दा मेरा क़ुर्ब सब से ज़ियादा फ़राइज़ के ज़रीए़ ह़ासिल करता है और नवाफ़िल के ज़रीए़ मुसल्सल क़ुर्ब ह़ासिल करता रहता है यहां तक कि मैं उस से मह़ब्बत करने लगता हूं। जब मैं बन्दे को महबूब बना लेता हूं तो मैं उस के कान बन जाता हूं जिस से वोह सुनता है। उस की आंख बन जाता हूं जिस से वोह देखता है। उस के हाथ बन जाता हूं जिन से वोह पकड़ता है। उस के पाउं बन जाता हूं जिन से वोह चलता है। अगर वोह मुझ से सुवाल करे तो मैं उसे अ़त़ा करता हूं और अगर पनाह मांगे तो मैं उसे पनाह देता हूं।"[1]

ह़दीस की वज़ाह़त :

जो रिज़ाए इलाही के लिये फ़राइज़ की अदाएगी के साथ साथ ब कसरत नफ़्ली इबादात बजा लाता है **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ उसे अपनी अ़ज़ीम मह़ब्बत से सरफ़राज़ फ़रमाता है जिस की ब दौलत बन्दे की तमाम ह़रकातो सकनात में क़ुव्वते ख़ुदावन्दी के अन्वार शामिल हो जाते हैं ।

---

1 ....صحیح البخاری، کتاب الرقاق، باب التواضع، الحدیث: ٦٥٠٢، ج٤، ص٢٤٨.

www.dawateislami.net

रह़मते इलाही के जल्वे :

﴾2﴿......ह़ज़रते सय्यिदुना अनस رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ सरकारे दो जहां, सरवरे ज़ीशान, मालिके कौनो मकान, मह़बूबे रह़मान صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم से रिवायत करते हैं कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है : "जब मेरा बन्दा मुझ से एक बालिश्त क़रीब होता है तो मैं उस से एक हाथ क़रीब हो जाता हूं और अगर मुझ से एक हाथ क़रीब होता है तो मैं दोनों हाथ फैलाने की मिक़्दार उस से क़रीब हो जाता हूं[1] और अगर वोह मेरी त़रफ़ चल कर आता है तो मैं उस की त़रफ़ दौड़ कर जाता हूं।"[2]

ह़दीस की वज़ाह़त :

बन्दे का रब عَزَّوَجَلَّ के क़रीब होना उस का इ़बादतो इत़ाअ़त में लगा रहना है और रब عَزَّوَجَلَّ का बन्दे के क़रीब होने से मुराद उस का रह़मो फ़ज़्ल फ़रमाना है।

1......शारेहे़ बुख़ारी फ़क़ीहे आ'ज़मे हिन्द ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना मुफ़्ती मुह़म्मद शरीफ़ुल ह़क़ अमजदी عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْقَوِی इस के तह़त फ़रमाते हैं : "किसी के क़रीब होने का मत़लब येह होता है कि उस से दूर रहा हो इस बिना पर येह ह़दीस मुतशाबिहात में से है और तावील येह है कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ उस बन्दे पर ख़ुसूसी रह़मत फ़रमाता है।" (नुज़्हतुल क़ारी शर्हे़ बुख़ारी, जि. 5, स. 946)

नीज़ **ह़कीमुल उम्मत** मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْحَنَّان इस के तह़त फ़रमाते हैं : "येह कलाम तमसीली त़ौर पर है मत़लब येह है कि अगर तुम इख़्लास के साथ थोड़े अ़मल के ज़रीए़ क़ुर्बे इलाही ह़ासिल करो तो रब तआ़ला अपने करम से बहुत ज़ियादा रह़मत के साथ तुम से क़रीब होगा। लिहाज़ा अ़मल किये जाओ थोड़ा बहुत न देखो। (मज़ीद इरशाद फ़रमाते हैं) येह कलाम बत़ौरे मिसाल समझाने के लिये है मत़लब येह है कि तुम्हारी त़लब से हमारी रह़मत सबक़त ले गई है, अगर ऐसे मा'मूली आ'माल करो जिन से ब देर हम तक पहुंच सको तो हम तुम को अपने करम से बहुत जल्द अपने दामने रह़मत में ले लेंगे अगर रब तआ़ला से क़ुर्ब हमारी कोशिश से होता तो क़ियामत तक हम उस तक न पहुंच सकते, उस तक रसाई उस की रह़मत से है।" (मिरआतुल मनाजीह़, जि. 3, स. 397)

2...صحیح البخاری، کتاب التوحید، باب قول اللّٰہ "**ویحذرکم اللہ نفسہ**" الحدیث:٧٤٠٥، ص٥٤١.

www.dawateislami.net

जन्नती ने'मतें :

﴾3﴿......हदीसे कुदसी है, **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है : "मैं ने अपने नेक बन्दों के लिये ऐसी ने'मतें तय्यार कर रखी हैं जिन्हें न किसी आंख ने देखा, न किसी कान ने सुना और न ही किसी इन्सान के दिल में उन का ख़याल गुज़रा।"(1)

﴾4﴿......**ज़बूर शरीफ़** में है, **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

"ऐ इब्ने आदम ! तू मेरी इताअ़तो फ़रमां बरदारी कर ! मैं तेरे दिल को तवंगरी और तेरे हाथों को रिज़्क़ से भर दूंगा और तेरे जिस्म को सिह़्ह़तो तन्दुरुस्ती अ़ता फ़रमा दूंगा।"(2)

दुन्या को हुक्मे रब्बानी :

﴾5﴿......**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने दुन्या को येह हुक्म इरशाद फ़रमाया है कि "ऐ दुन्या ! जो मेरी इ़बादत करे तू उस की ख़िदमत कर और जो तेरी ख़िदमत करे तू उस से ख़िदमत लेती रह।"(3)

﴾6﴿......हज़रते सय्यिदुना बिशर बिन हारिस हाफ़ी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْكَافِى फ़रमाते हैं : "अहले ख़ैर दुन्या व आख़िरत (की भलाई) ले गए।"(4)

---

1 ......صحیح البخاری، کتاب التفسیر، باب "فلاتعلم نفسما اخفی" الحدیث: ٤٧٨٠، ج٣، ص ٣٣٠ .

2 ......حلیة الاولیاء، معاویة بن قرة، الحدیث: ٢٥٠٠، ج٢، ص ٣٤٤، دون قوله جسمك صحة.

3 ......روح البیان، پ٢٧، ج٩، ص ٣٧٣

4 ......الزهدالکبیر للبیهقی، الجزء الرابع، من کتاب الزهدالکبیر، الحدیث: ٧٦٨، ص ٢٩٣.

तलबगाराने आख़िरत के ख़ादिम :

﴾7﴿.....हज़रते सय्यिदुना यहूया बिन मुआज़ رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه फ़रमाते हैं : "दुन्या के तलबगारों की ख़िदमत ग़ुलाम करते हैं जब कि तलबगाराने आख़िरत की ख़िदमत आज़ाद लोग करते हैं।[1]

ऐ मेरे भाई ! अगर तू चाहता है कि तुझे ऐसी इज़्ज़त मिले जो कभी कम न हो, ऐसा इक्तिदार मिले जो कभी ख़त्म न हो, ऐसी आबरू मिले जो कभी पामाल न हो और ऐसी बुज़ुर्गी मिले जो कभी पुरानी न हो तो अपने रब عَزَّوَجَلَّ की इताअत के लिये कमर बस्ता हो जा क्यूंकि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने उन तमाम चीज़ों को अपनी इताअतो फ़रमां बरदारी में रखा है। जो उस की इताअत करता है वोह उसे इज़्ज़तो बुज़ुर्गी अता फ़रमाता है और वोह अपने कई इताअत गुज़ार बन्दों को शहवात की गुलामी से आज़ाद फ़रमा चुका है। उन के दिलों को फ़ानी चीज़ों की महब्बत की आलूदगी से पाकीज़ा फ़रमा दिया, उन के हाथों ख़वारिके़ आदात करामात का ज़ुहूर फ़रमाया, उन्हें ग़ैब पर मुत्तलअ फ़रमाया[2], उन पर रहमत का नुज़ूल फ़रमा कर उन की दुआओं को क़बूलिय्यत का सेहरा पहनाया तो लोग उन के अन्वारो तजल्लियात से फ़ैज़याब हो

1......الرسالة القشيرية،باب الحريه،ص٢٥٥.

2......शैखे़ तरीक़त, अमीरे अहले सुन्नत बानिये दा'वते इस्लामी हज़रते अल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुहम्मद इल्यास अत्तार क़ादिरी रज़वी** دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه अपनी मुन्फ़रिद तस्नीफ़ "**कुफ़्रिय्या कलिमात के बारे में सुवाल जवाब**" में नक्ल फ़रमाते हैं : "औलियाए किराम نَفَعَنَااللهُ تَعَالٰی بِبَرَكَاتِهِمْ فِی الدَّارَيْن (**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ दोनों जहां में उन की बरकतों से हमें माला माल करे) को भी कुछ उलूमे ग़ैब मिलते हैं मगर ब वसातते रुसुल عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام (या'नी रसूलों के ज़रीए) मो'तज़िला (नामी बातिल फ़िर्क़ा) خَذَلَهُمُ اللهُ تَعَالٰی (**अल्लाह** तआला उन को ग़ारत करे) कि सिर्फ़ रसूलों के लिये इत्तिलाए ग़ैब मानते और औलियाए किराम رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُم के उलूमे ग़ैब का अस्लन (बिल्कुल) हिस्सा नहीं मानते गुमराह मुब्तदिअ (बिदअती) हैं।"

(कुफ़्रिय्या कलिमात के बारे में सुवाल जवाब, स. 246)

www.dawateislami.net

कर उन की पैरवी करने लगे, ह़ल्ले मुश्किलात के लिये बारगाहे इलाही में उन का वसीला पेश करने लगे, उन के सदक़े व तुफ़ैल अपनी आफ़तों और मुसीबतों के टलने का सुवाल करने लगे, उन की क़दम गाहों से सिफ़ारिश त़लब करने लगे और उन के मज़ारात की मिट्टी से बरकत ह़ासिल करने लगे। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने उन्हें अ़ज़मतो शान से नवाज़ा, उन के दिलों को अपने नूर से मुनव्वर फ़रमाया और अपनी ख़ालिस मह़ब्बतो मा'रिफ़त से लबरेज़ किया, उन्हें तन्हाइयों में अपने ज़िक्र से तस्कीन बख़्शी तो वोह लोगों से बे परवाह हो गए, जन्नते नईम में उन के लिये हमेशा रहने वाली ने'मतें तय्यार फ़रमाईं, उन से अपने दीदार का वा'दा फ़रमाया और **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का उन से राज़ी होना सब से बड़ा इन्आ़म है। **अल्लाह** جَلَّ شَانُهٗ कुरआने पाक में इरशाद फ़रमाता है :

ذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿۵۷﴾

(پ ۲۵، الدخان: ۵۷)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *येही बड़ी कामयाबी है।*

एक मक़ाम पर इरशाद फ़रमाता है :

لِمِثْلِ هٰذَا فَلْيَعْمَلِ الْعٰمِلُوْنَ ﴿۶۱﴾

(پ ۲۳، الصّٰفّٰت: ۶۱)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *ऐसी ही बात के लिये कामियों को काम करना चाहिये।*

......इ़ल्म सीखने से आता है......

सरकारे मदीना صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم *ने इरशाद फ़रमाया : "इ़ल्म सीखने से ही आता है और फ़िक़्ह ग़ौरो फ़िक्र से ह़ासिल होती है और* ***अल्लाह*** عَزَّوَجَلَّ *जिस के साथ भलाई का इरादा फ़रमाता है उसे दीन में समझ बूझ अ़त़ा फ़रमाता है और* ***अल्लाह*** عَزَّوَجَلَّ *से उस के बन्दों में वोही डरते हैं जो इ़ल्म वाले हैं।"*

(المعجم الکبیر، ج۱۹، ص ۵۱۱، الحدیث: ۷۳۱۲)

www.dawateislami.net

बाब नम्बर 5 : गुनाहों की हलाकत ख़ैज़ियां

इस बाब में गुनाहों की दुन्यवी और उख़रवी सज़ाएं मसलन तबाही व बरबादी, ज़िल्लतो रुस्वाई वग़ैरा बयान की जाएंगी । चुनान्चे,

क़ुरआने पाक में बयान की गई सज़ाएं :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

اِنَّهٗ مَنْ یَّاْتِ رَبَّهٗ مُجْرِمًا فَاِنَّ لَهٗ جَهَنَّمَ ؕ لَا یَمُوْتُ فِیْهَا وَلَا یَحْیٰى ﴿۷۴﴾ (پ۱۶، طٰہٰ:۷۴)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *बेशक जो अपने रब के हुज़ूर मुजरिम हो कर आए तो ज़रूर उस के लिये जहन्नम है जिस में न मरे न जिये ।*

اَمْ حَسِبَ الَّذِیْنَ یَعْمَلُوْنَ السَّیِّاٰتِ اَنْ یَّسْبِقُوْنَا ؕ سَآءَ مَا یَحْكُمُوْنَ ﴿۴﴾ (پ۲۰، العنکبوت:۴)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *या येह समझे हुवे हैं वोह जो बुरे काम करते हैं कि हम से कहीं निकल जाएंगे क्या ही बुरा हुक्म लगाते हैं ।*

"یَسْبِقُوْنَا" से मुराद आ़जिज़ कर के बच निकलना है ।

وَمَنْ یَّعْصِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ فَقَدْ ضَلَّ ضَلٰلًا مُّبِیْنًا ﴿۳۶﴾ (پ۲۲، الاحزاب:۳۶)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और जो हुक्म न माने **अल्लाह** और उस के रसूल का वोह बेशक सरीह़ गुमराही बहका ।*

अह़ादीस में बयान कर्दा सज़ाएं :

ईमान की कमज़ोरी :

﴿1﴾.....हुज़ूर नबिय्ये मुकर्रम, नूरे मुजस्सम صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने

www.dawateislami.net

इरशाद फ़रमाया : "ज़ानी ज़िना करते वक़्त, चोर चोरी करते वक़्त और शराबी शराब पीते वक़्त मोमिन नहीं होता।"(1) (इस में कमाले ईमान या नूरे ईमान की नफ़ी है)

दिल की सियाही :

﴾2﴿......हुज़ूर नबिय्ये पाक, साहिबे लौलाक, सय्याहे अफ़्लाक صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "जब कोई इन्सान गुनाह करता है तो उस के दिल पर एक सियाह नुक्ता लग जाता है फिर अगर वोह तौबा कर ले तो दिल साफ़ हो जाता है लेकिन अगर वोह गुनाह करता रहे तो वोह नुक्ता फैलता रहता है यहां तक कि सारा दिल सियाह हो जाता है। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के इस फ़रमान كَلَّا بَلْ ٚ رَانَ عَلٰى قُلُوْبِهِمْ مَّا كَانُوْا يَكْسِبُوْنَ ﴿۱۴﴾ (پ ۳۰، المطففين: ۱۴) ***तर्जमए कन्ज़ुल ईमान :*** *कोई नहीं बल्कि उन के दिलों पर ज़ंग चढ़ा दिया है उन की कमाइयों ने।* से येही मुराद है।"(2)

दिल की सख़्ती :

﴾3﴿.....सय्यिदुल मुबल्लिग़ीन, रह़मतुल्लिल आ़लमीन صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "गुनाहों की कसरत से दिल सख़्त हो जाता है।"(3)

रिज़्क़ में तंगी :

﴾4﴿......सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना, बाइसे नुज़ूले सकीना صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने इ़ब्रत निशान है :

---

1 ...صحيح مسلم، كتاب الايمان، باب بيان نقصان الايمان...... الخ، الحديث: ٥٧، ص ٤٨.

2 ...شعب الايمان للبيهقى، باب فى معالجة......الخ، فصل فى الطبع على القلب، الحديث: ٧٢٠٧، ج ٥، ص ٤٤١، بتغيرٍ قليلٍ.

3 ...فردوس الاخبار بمأثور الخطاب، الحديث: ٦٣٥٩، ج ٤، ص ١١٥، مفهوماً.

www.dawateislami.net

"गुनाहों की वज्ह से बन्दा मिलने वाले रिज़्क़ से महरूम कर दिया जाता है।"(1)

सब से पहला ना फ़रमान :

﴿5﴾.....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने ह़ज़रते सय्यिदुना मूसा **कलीमुल्लाह** عَلٰی نَبِیِّنَا وَعَلَیْہِ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام की त़रफ़ वह़्य फ़रमाई : "ऐ मूसा ! मेरी मख़्लूक़ में सब से पहले मरने (या'नी तबाहो बरबाद होने) वाला इब्लीस है क्यूंकि सब से पहले उसी ने मेरी ना फ़रमानी की और जो मेरी ना फ़रमानी करता है मैं उसे मुर्दा लिख देता हूं।"(2)

इ़ज़्ज़त और ज़िल्लत :

﴿6﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना सईद बिन मुसय्यब رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं : "बन्दे इत़ाअ़ते इलाही जैसी इ़ज़्ज़त नहीं पा सकते और मा'सिय्यत जैसी ज़िल्लत नहीं उठा सकते और बन्दए मोमिन को **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की इतनी मदद काफ़ी है कि वोह अपने दुश्मन को गुनाहों में मुब्तला देखे।"(3)

दिल मुर्दा हो जाता है :

﴿7﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना मुह़म्मद बिन वासेअ़ رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं : "गुनाह पे गुनाह किये जाने से दिल मुर्दा हो जाता है।"(4)

﴿8﴾.....एक बुज़ुर्ग رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं : "अगर तू येह जानते हुवे **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ना फ़रमानी करता है कि वोह तुझे देख रहा

---

1 ....المسندللامام احمدبن حنبل،حدیث ثوبان،الحدیث:۲۲۵۰۱،ج۸،ص۳۳۵.

2 ....الزواجرعن اقتراف الکبائر،مقدمة المؤلف،خاتمه،ج۱،ص۲۷،مفهوماً.

3 ....حلیة الاولیاء،الرقم ۱۷۰ سعیدبن مسیب،الحدیث:۱۸۸۳،ج۲،ص۱۸۷.

4 ....حلیة الاولیاء،الرقم۱۹۹،محمدبن واسع،الحدیث:۲۷۱٤،ج۲،ص۳۹۸.

www.dawateislami.net

है तो तू अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की नज़र (या'नी उस के देखने) को हल्का समझने वाला है और अगर येह गुमान कर के गुनाह करता है कि वोह तुझे नहीं देख रहा तो तू काफ़िर है।"(1)

इबादत की लज़्ज़त से महरूम :

《9》......हज़रते सय्यिदुना वुहैब बिन वर्द رَحْمَةُاللّٰهِ تعالٰی عَلَيْه से पूछा गया : "क्या अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का ना फ़रमान इबादत की लज़्ज़त पा सकता है?" इरशाद फ़रमाया : "नहीं ! बल्कि जो गुनाह का पुख़्ता इरादा करता है वोह भी इबादत की लज़्ज़त से महरूम रहता है।"(2)

कुफ़्र के क़ासिद :

《10》......सलफ़ सालिहीन رَحِمَهُمُ اللّٰهُ الْمُبِيْن फ़रमाया करते थे कि "गुनाह कुफ़्र के क़ासिद हैं।"(3)

ख़ुलासए कलाम :

हा़सिले कलाम येह है कि अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की नज़रे रहमत से महरूम होने और उस के नाराज़ होने की अ़लामत येह है कि बन्दा गुनाहों में मुब्तला हो जाता है। गुनाहों पर इसरार करने वाला अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की नाराज़ी मोल लेता है, वोह शैतान का यार होता है और अहले ईमान उस से बेज़ार होते हैं।

ऐ मेरे भाई ! अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की ना फ़रमानी कर के उस की नाराज़ी और उस के अ़ज़ाब का ह़क़दार न बन जब तेरा नफ़्स

---

1 ....المقصدالاسنیٰ فی شرح معانی اسماء الحسنیٰ للغزالی،ص١٢ مفهوماً.

2 ....صفة الصفوة،وهيب بن الورد،ج١،الجزء الثانی،ص١٤٩ .

3 ....الزواجرعن اقتراف الكبائر،خاتمة فی تحذيرمن جملة......الخ،ج١،ص٢٨ .

www.dawateislami.net

तुझे गुनाहों की त़रफ़ बुलाए तो तू उसे याद दिला कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ तेरे मुआ़मलात से बा ख़बर और तुझे देख रहा है और उस के दर्दनाक अ़ज़ाब और बड़े इ़क़ाब से उसे डरा जिस की **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने ना फ़रमानों को वईद सुनाई है और अगर अ़ज़ाबो इ़क़ाब न भी हो तो क्या येह कम है कि बन्दा गुनाहों की वज्ह से साबिक़ीन को मिलने वाले बुलन्द मरातिब और नेकों को अ़त़ा किये जाने वाले सवाब से महरूम रहता है और क्यूं न हो कि गुनाहों में रुस्वाई, दोज़ख़ का अ़ज़ाब, जब्बारो क़हहार عَزَّوَجَلَّ की नाराज़ी और उस का ऐसा ग़ज़ब है जिस के आगे तमाम ज़मीनो आस्मान वाले क़ाइम न रह सकें। हम **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ से आ़फ़िय्यत का सुवाल करते हैं।

बाब नम्बर 6 : इबादतो इत़ाअ़त का बयान

कामिल मोमिन की एक निशानी :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के प्यारे ह़बीब, ह़बीबे लबीब صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "जो नेकी पर ख़ुश और बुराई पर ग़मगीन होता है, वोह (कामिल) मोमिन है।"(1)

दूसरी ह़दीस :

प्यारे इस्लामी भाई ! जब तुझे **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ अपनी इबादत की तौफ़ीक़ अ़त़ा फ़रमाए तो तू बहुत ख़ुश हो। और उस रब्बे लम यज़ल عَزَّوَجَلَّ का बहुत शुक्र बजा ला जिस ने अपनी इबादत की वज्ह से तुझे इ़ज़्ज़त बख़्शी और इस के लिये तुझे चुन लिया। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ से दुआ़ किया कर कि जिन नेक आ'माल को बजा लाने की उस ने तुझे तौफ़ीक़ दी है उन्हें अपने फ़ज़्ल से क़बूल भी फ़रमा ले।

---

1 ....المستدرك، كتاب الايمان، باب ليس المومن.....الخ، الحديث: ٣٦، ج١، ص١٦٣.

www.dawateislami.net

अ़मले मक़्बूल कम नहीं होता :

अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अ़लिय्युल मुर्तज़ा كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهُ الْكَرِيْم इरशाद फ़रमाते हैं : "अ़मल करने से ज़ियादा उस के क़बूल हो जाने की सअ़्य करो क्यूंकि अ़मले मक़्बूल कम नहीं होता।"(1)

प्यारे इस्लामी भाइयो ! अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की इबादात बजा लाने के मुआ़मले में हमेशा अपनी सुस्ती और कोताही का ए'तिराफ़ करो अगर्चे इस में तुम्हारी जिद्दो जह्द ज़ियादा हो क्यूंकि अल्लाह عَزَّوَجَلَّ का ह़क़ तुम पर बहुत बड़ा है। उस ने तुम्हें अ़दम से वुजूद बख़्शा और तुम पर ने'मतों की बारिशें बरसाईं, तुम पर अपना फ़ज़्लो करम फ़रमाया, उस की अ़ता कर्दा क़ुव्वतो त़ाक़त से ही तुम उस की इत़ाअ़त करते हो और उसी की दी हुई तौफ़ीक़ और रह़मत से उस की इ़बादत बजा लाते हो।

तुम पर ज़रूरी है कि जिन कामों से अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने मन्अ़ फ़रमाया है उन का इर्तिकाब कर के अपने दामने ईमान को दाग़दार और दिल को सियाह न करो और जब भी कोई गुनाह हो जाए तो जल्दी से तौबा कर लो और अच्छी तौबा करो, ख़ूब नदामत का इज़्हार और कसरत से इस्तिग़फ़ार करो, अल्लाह عَزَّوَجَلَّ से हमेशा डरते रहो क्यूंकि मोमिन हर वक़्त अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के ख़ौफ़ से लरज़ता रहता है अगर्चे मुख़्लिस हो कर अच्छे त़रीक़े से त़ाअ़तो इ़बादत बजा लाता हो। तुम जानते हो कि अम्बियाए किराम عَلَيْهِمُ السَّلَام के मा'सूम और औलियाए उ़ज़्ज़ाम رَحِمَهُمُ اللّٰهُ السَّلَام के मह़फ़ूज़ होने के बा वुजूद भी उन के ख़ौफ़े ख़ुदा और ख़शिय्यत का क्या आ़लम हुवा करता, वोह नेकियां करते और गुनाहों से बचते थे।

---

1 .....تاریخ مدینة دمشق لابن عساکر، الرقم ٤٩٣٣ علی بن ابی طالب، ج ٤٢، ص ٥١١ ملخصًا

www.dawateislami.net

ऐ बन्दे ! तुझे इस मुआ़मले में ज़ियादा डरना और परहेज़ करना चाहिये क्यूंकि अम्बियाए किराम عَلَيۡهِمُ السَّلَام व औलियाए उ़ज़्ज़ाम عَلَيۡهِمُ الرِّضۡوَان रह़मते ख़ुदावन्दी की वुस्अ़त को तुझ से ज़ियादा जानते थे, तुझ से ज़ियादा **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ पर हुस्ने ज़न रखते थे, उस के अ़फ़्वो करम की त़लब में तुझ से ज़ियादा सच्चे थे और उस के फ़ज़्लो करम के तुझ से ज़ियादा उम्मीदवार थे । लिहाज़ा तू उन की पैरवी कर नजात और सलामती पाएगा, उन के रास्ते की इत्तिबाअ़ कर कामयाब हो जाएगा और नफ़्अ़ पाएगा। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की पनाह ले ले क्यूंकि जो उस की पनाह लेता है वोह सीधी राह की हिदायत पाता है ।

❁❁❁❁❁❁❁

बाब नम्बर 7 : इबादत की रुकावटें और इन का ह़ल

चूंकि दुन्या की बुन्याद मुसीबतों और आफ़तों पर रखी गई है, मैली कुचैली चीज़ों से इसे गूंधा गया है, मसरूफ़िय्यात और ग़फ़्लतों से इसे भर दिया गया है जिस की वज्ह से इत़ाअ़तो इबादत की रुकावटें ज़ियादा हो गईं और मा'सिय्यत पर आमादा करने वाले अ़वामिल की ता'दाद में भी काफ़ी ह़द तक इज़ाफ़ा हो गया । ताहम बुन्यादी त़ौर पर इन्हें चार चीज़ों में तक़्सीम किया जा सकता है :

(1).....जहालत (2).....ईमान की कमज़ोरी (3).....लम्बी उम्मीदें और (4).....ह़राम और मुश्तबा चीज़ों का खा लेना ।

हम اِنۡ شَآءَاللّٰہ عَزَّوَجَلَّ इन चारों में से हर एक पर मुख़्तसर मगर जामेअ़ गुफ़्तगू करते हुवे इन की मज़म्मत बयान करेंगे फिर इन से बाज़ रहने और ख़लासी पाने का त़रीक़ा बताएंगे । وَبِاللّٰهِ التَّوۡفِيۡق

❁❁❁❁❁❁❁

www.dawateislami.net

बाब नम्बर 8 : पहली रुकावट और इस का ह़ल दुन्या मलऊ़न है :

जहालत हर बुराई की जड़ और हर नुक़्सान का सबब है। जहालत और जाहिलों के बारे में सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना, बाइ़से नुज़ूले सकीना صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم का इरशाद है : "दुन्या ला'नती है और जो इस में है वोह ला'नती है सिवाए **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के ज़िक्र, आ़लिम और त़ालिबे इ़ल्म के [1]।"[2]

जहालत की तख़्लीक़ का वाक़िआ़ :

मरवी है कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने जहालत को पैदा किया तो उस से फ़रमाया : "आगे आ।" तो वोह पीछे चली गई। फिर फ़रमाया : "पीछे जा।" तो वोह आगे आ गई। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने इरशाद फ़रमाया : "मुझे अपनी इ़ज़्ज़तो जलाल की क़सम ! तू मुझे मख़्लूक़ में सब से

---

1 .....**मुफ़स्सिरे शहीर** ह़कीमुल उम्मत मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْمَنَّان फ़रमाते हैं : "जो चीज़ **अल्लाह** व रसूल (عَزَّوَجَلَّ وصَلَّى اللّٰه تعالٰى عليه واٰله وسلَّم) से ग़ाफ़िल कर दे वोह दुन्या है। या जो **अल्लाह** व रसूल (عَزَّوَجَلَّ وصَلَّى اللّٰه تعالٰى عليه واٰله وسلَّم) की नाराज़ी का सबब हो वोह दुन्या है। बाल बच्चों की परवरिश, ग़िज़ा, लिबास, घर वग़ैरा ह़ासिल करना सुन्नते अम्बियाए किराम عَلَيْهِمُ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام है येह दुन्या नहीं। इस मा'ना से वाक़ेई दुन्या और दुन्या वाली चीज़ें ला'नती हैं। **अल्लाह** (عَزَّوَجَلَّ) के ज़िक्र से मुराद सारी इ़बादात हैं या'नी **अल्लाह** (عَزَّوَجَلَّ) का ज़िक्र, **अल्लाह** (عَزَّوَجَلَّ) के मह़बूब बन्दे, उ़लमा, त़लबा अगर्चे दुन्या में हैं मगर दुन्या नहीं हैं। येह तो **अल्लाह** (عَزَّوَجَلَّ) के मह़बूब हैं। ह़दीस शरीफ़ में है कि **अल्लाह** (عَزَّوَجَلَّ) का ज़िक्र हर इ़बादत हर सआ़दत का सर है जैसे बदन के लिये जान ज़रूरी है। ऐसे ही मोमिन के लिये ज़िक्रुल्लाह लाज़िमी है। ज़िक्रुल्लाह से दुन्या का बक़ा आस्मानो ज़मीन का क़ियाम है (मिरक़ात) जब ज़ाकिरीन फ़ना हो जाएंगे तो क़ियामत आ जावेगी।" (मिरआतुल मनाजीह, जि. 7, स. 17,मुलख़्ख़सन)

2 .....سنن ابن ماجه، كتاب الزهد، باب مثل الدنيا، الحديث: ٤١١٢، ج٤، ص٤٢٨.

www.dawateislami.net

ज़ियादा ना पसन्द है, मैं ज़रूर तुझे अपनी मख़्लूक़ के बदतरीन लोगों में रखूंगा।"(1)

जहालत भी दुश्मन है :

अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अ़लिय्युल मुर्तज़ा كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰی وَجْهَهُ الْكَرِيْم फ़रमाते हैं : "जहालत से बड़ा आदमी का कोई दुश्मन नहीं। आदमी जिस चीज़ से जाहिल होता है उस का दुश्मन बन जाता है।"

जहालत की मज़म्मत दलाइले अ़क़्लिया व नक़्लिया से साबित है जो किसी पर मख़्फ़ी नहीं। जाहिल न चाहते हुवे भी इ़बादात छोड़ देता और गुनाह कर बैठता है। क्यूंकि उसे उन इ़बादात का इ़ल्म नहीं होता जिन्हें बजा लाने का **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने उसे हुक्म इरशाद फ़रमाया है और मा'सिय्यत से भी बे ख़बर होता है जिस से इजतिनाब का उसे हुक्म होता है।

इस रुकावट का ह़ल :

जाहिल इ़ल्म की रौशनी से जहालत की तारीकियों से नजात ह़ासिल कर सकता है।

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ शैख़ अ़ली बिन अबू बक्र رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه पर अपनी रह़मतें नाज़िल फ़रमाए उन्हों ने क्या ख़ूब फ़रमाया :

اَلْجَهْلُ نَارٌ لِدِيْنِ الْمَرْءِ يُحْرِقُهٗ

وَالْعِلْمُ مَاءٌ لِتِلْكَ النَّارِ يُطْفِيْهَا

तर्जमा : जहालत ऐसी आग है जो आदमी के दीन को जला डालती है और इ़ल्म ऐसा पानी है जो इस आग को बुझा देता है।

1 ....نزهة المجالس، باب فی فضل العقل، ج ۲، ص ۱۳۹ .

www.dawateislami.net

प्यारे इस्लामी भाई ! तुम पर बहुत वसीअ़ इ़ल्म ह़ासिल करना ज़रूरी नहीं बल्कि जितना **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने तुम पर फ़र्ज़ फ़रमाया है उतना इ़ल्म ह़ासिल करो, वोह उ़लूम जिन से ईमान की तक्मील होती है, जिन के ज़रीए़ फ़राइज़ की अदाएगी और ह़राम से बचने का त़रीक़ा मा'लूम होता है, जिन की फ़ौरी ज़रूरत है उन्हें फ़िलफ़ौर ह़ासिल करना ज़रूरी है और जिन की फ़ौरी ज़रूरत नहीं उन में ताख़ीर की गुंजाइश है।

कितने इ़ल्म की ज़रूरत है :

ह़ज़रते सय्यिदुना मालिक बिन दीनार عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْغَفَّار फ़रमाया करते थे : "जो सिर्फ़ अपनी इस्लाह़ के लिये इ़ल्म ह़ासिल करे उसे थोड़ा इ़ल्म भी काफ़ी है और जो लोगों की भी इस्लाह़ चाहे तो लोगों की ज़रूरियात तो बहुत ज़ियादा हैं।"(1)

❁❁❁❁❁❁❁

बाब नम्बर 9 : दूसरी रुकावट और इस का ह़ल

ईमान की कमज़ोरी एक बड़ी आफ़त और मज़मूम ख़स्लत है जिस से बहुत सी बुराइयां जनम लेती हैं। मसलन इ़ल्म पर अ़मल न करना, اَمْرٌ بِالْمَعْرُوْف وَنَهْيٌ عَنِ الْمُنْكَر (या'नी नेकी का हुक्म देना और बुराई से मन्अ़ करना) तर्क कर देना, मग़फ़िरत के लिये कोई कोशिश किये बिग़ैर उस की उम्मीद लगाए रखना, मालो दौलत के ह़ुसूल के लिये कोशां रहना, मख़्लूक़ का ख़ौफ़ और दीगर बहुत सी बद ख़स्लतें ईमान की कमज़ोरी से पैदा होती हैं। बन्दा अपने ईमान के मुत़ाबिक़ ही अह़काम की बजा आवरी और गुनाहों से परहेज़ करता है। ईमान कमज़ोर होने की सब से बड़ी दलील येह है कि बन्दा नेकियों को तर्क कर के गुनाहों में मस्रूफ़ हो जाता है। पस हर मुसलमान को चाहिये कि अपने ईमान की तक़विय्यत के लिये कोशां रहे।

1 .....الزهدللامام احمدبن حنبل،زهدمحمدبن سيرين،الحديث:١٨٨٥،ص٣٢٦.

www.dawateislami.net

ईमान को तक़विय्यत बख़्शने वाले उमूर :

तीन उमूर से ईमान को तक़विय्यत मिलती है :

(1).....वा'दा व वईद और अह़वाले आख़िरत पर मुश्तमिल आयात और अह़ादीस में ग़ौरो फ़िक्र करने, अम्बियाए किराम عَلَيْهِمُ السَّلَام के ह़ालातो मो'जिज़ात और दुश्मनों पर इन के फ़त्ह़ के वाक़िआ़त और दुन्या से बे रग़बती और आख़िरत में रग़बत रखने के ह़वाले से बुज़ुर्गाने दीन के वाक़िआ़त को सुनने-पढ़ने से

(2).....आस्मानों और ज़मीन की सल्त़नत और इन में मौजूद अ़जीबो ग़रीब निशानियों और नई नई मस्नूआ़त का निगाहे बसीरतो जुस्तजू से मुशाहदा करने से और

(3).....नेक आ'माल पर मज़बूती से कारबन्द रहने, बुराइयों और ना फ़रमानियों से इजतिनाब करने से । क्यूंकि ईमान क़ौल और अ़मल के मजमूए़ का नाम है, इत़ाअ़त से बढ़ता, मा'सिय्यत से घटता है ।[1]

बयान कर्दा तमाम उमूर ईमान को तक़विय्यत और यक़ीन को पुख़्तगी बख़्शते हैं।

❁❁❁❁❁❁❁

---

1 .....**दा'वते इस्लामी** के इशाअ़ती इदारे मक्तबतुल मदीना की मत़बूआ़ 1250 सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब "**बहारे शरीअ़त**" जिल्द अव्वल सफ़ह़ा 173 पर सदरुश्शरीआ़, बदरुत्तरीक़ा ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना मुफ़्ती मुह़म्मद अमजद अ़ली आ'ज़मी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْقَوِى फ़रमाते हैं : "अस्ले ईमान सिर्फ़ तस्दीक़ का नाम है, आ'माले बदन तो अस्लन जुज़्वे ईमान नहीं ।" और सफ़ह़ा 180 पर फ़रमाते हैं : "ईमान क़ाबिले ज़ियादती व नुक़्सान नहीं, इस लिये कि कमी बेशी उस में होती है जो मिक़्दार या'नी लम्बाई, चौड़ाई, मोटाई या गिनती रखता हो और ईमान तस्दीक़ है और तस्दीक़, कैफ़ या'नी एक ह़ालते इज़्आ़निया । बा'ज़ आयात में ईमान का ज़ियादा होना जो फ़रमाया है इस से मुराद مُؤْمَن بِهٖ وَمُصَدَّق بِهٖ है, या'नी जिस पर ईमान लाया गया और जिस की तस्दीक़ की गई कि ज़मानए नुज़ूले क़ुरआन में इस की कोई ह़द्द मुअ़य्यन न थी, बल्कि अह़काम नाज़िल होते रहते और जो हुक्म नाज़िल होता उस पर ईमान लाज़िम होता, न कि ख़ुद नफ़्से ईमान बढ़-घट जाता हो, अलबत्ता ईमान क़ाबिले शिद्दत व ज़ो'फ़ है कि येह कैफ़ के अ़वारिज़ से हैं ।"

www.dawateislami.net

बाब नम्बर 10 : तीसरी रुकावट और इस का ह़ल

लम्बी उम्मीदों की मज़म्मत :

लम्बी उम्मीदें बांधना बहुत बुरी ख़स्लत है बल्कि येह तो वोह चीज़ है जो बन्दे को आख़िरत बरबाद और दुन्या आबाद करने पर आमादा करती है।

हलाक्त की वज्ह :

हुज़ूर नबिय्ये पाक, साहिबे लौलाक, सय्याहे अफ़्लाक صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "इस उम्मत के पहले लोग दुन्या से बे रग़बती और छोटी उम्मीदों की वज्ह से नजात पाएंगे और बा'द में आने वाले दुन्या की ह़िर्स और लम्बी उम्मीदों के सबब हलाक हो जाएंगे।"(1)

शक़ावत व बद बख़्ती :

हुज़ूर नबिय्ये मुकर्रम, नूरे मुजस्सम صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "चार चीज़ें बद बख़्ती से हैं : आंखों की ख़ुश्की (या'नी ख़ौफ़े ख़ुदा से न रोना), दिल की सख़्ती, लालच और लम्बी उम्मीदें।"(2)

लम्बी उम्मीदों से पनाह :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के मह़बूब, दानाए ग़ुयूब, मुनज़्ज़हुन अ़निल उ़यूब صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم इस त़रह़ दुआ़ मांगा करते थे :

اَللّٰهُمَّ اَعُوْذُبِكَ مِنْ كُلِّ اَمَلٍ يُلْهِيْنِىْ

---

1 .....موسوعة لابن ابی الدنیا، کتاب الیقین، الحدیث:۳، ج۱، ص۱۹ بتغیرٍ قلیلٍ.

2 .....الترغیب و الترهیب، کتاب التوبة، باب الترغیب فی ذکر الموت، الحدیث:۱۳، ج٤، ص۱۲۰.

www.dawateislami.net

या'नी : ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! मैं हर ग़ाफ़िल कर देने वाली उम्मीद से तेरी पनाह मांगता हूं।''(1)

फ़िक्रे आख़िरत न होने का एक सबब :

अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अ़लिय्युल मुर्तज़ा كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهُ الْكَرِيْم इरशाद फ़रमाते हैं : ''मुझे तुम पर सब से ज़ियादा डर नफ़्स की पैरवी और लम्बी उम्मीदों का है। क्यूंकि इत्तिबाए नफ़्स ह़क़ से रोकती और लम्बी उम्मीदें आख़िरत से ग़ाफ़िल कर देती हैं।''(2)

बुरे आ'माल का सबब :

ह़दीसे पाक में है : ''जिस की उम्मीदें लम्बी होती हैं उस के अ़मल बुरे होते हैं।''(3)

तूले अमल की वज्ह से जनम लेने वाली ख़राबियां :

दुन्या में त़वील अ़र्से तक ज़िन्दा रहने की उम्मीद को तूले अमल (या'नी लम्बी उम्मीद) से ता'बीर किया जाता है। येह जिस में पाई जाती है उस के निहायत बे वुक़ूफ़ और अह़मक़ होने की दलील होती है। क्यूंकि वोह यक़ीन को छोड़ कर वहम पर ए'तिमाद कर लेता है ह़ालांकि अगर उसे शाम के वक़्त पूछा जाए कि ''क्या तुझे यक़ीन है कि तू सुब्ह़ तक ज़िन्दा रहेगा ?'' या सुब्ह़ के वक़्त पूछा जाए कि ''क्या तुझे शाम तक ज़िन्दा रहने का यक़ीन है ?'' तो ज़रूर उस का जवाब नफ़ी में होगा इस के बा वुजूद वोह दुन्या के लिये ऐसे कोशिश करता है जैसे उसे मरना ही नहीं। यहां तक कि अगर उसे कह दिया जाए कि तुम दुन्या में हमेशा रहोगे

1 .....الموسوعةلابن ابى الدنيا،كتاب قصرالامل،الحديث:٤٦،ج٣،ص٣١٢.

2 .....الموسوعة لابن ابى الدنيا،كتاب قصرالامل،الحديث:٤٣،ج٣،ص٣٠٤.

3 .....جامع الترمذى،ابواب الزهد،باب(٢٢)،الحديث:٢٣٣٧،ج٤،ص١٤٨.

www.dawateislami.net

तब भी वोह अपनी इस हि़र्स में इज़ाफ़े की गुंजाइश नहीं पाएगा। पस जिस की येह हा़लत हो उस से बड़ा अह़मक़ कौन हो सकता है? नीज़ लम्बी उम्मीदें उन तमाम बुरी आ़दतों और बुरे कामों की बुन्याद हैं जो बन्दे को अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की इता़अ़तो फ़रमां बरदारी से रोक कर मा'सिय्यतो ना फ़रमानी में धकेल देते हैं जैसे लालच, बुख़्ल और तंगदस्ती का ख़ौफ़।

दुन्या की मह़ब्बत :

लम्बी उम्मीदों की बड़ी ख़राबियों में से एक ख़राबी येह भी है कि इस की वज्ह से बन्दा दुन्या से मह़ब्बत करता है, उसे बनाने और उस का साज़ो सामान जम्अ़ करने की कोशिश में अपना क़ीमती वक़्त बरबाद करने लगता है। हा़लांकि अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के प्यारे ह़बीब, ह़बीबे लबीब صَلَّى اللّٰه تعَالٰی عَلَیْهِ و اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया है कि "मुझे दुन्या को वीरान करने के लिये भेजा गया है इस लिये जो इस को आबाद करेगा वोह मुझ से नहीं (या'नी मेरे त़रीक़े पर नहीं)।"(1)

आ'माले ख़ैर में टाल मटोल करना :

लम्बी उम्मीदों से पैदा होने वाली ख़राबियो में से एक ख़राबी टाल मटोल करना भी है, येह ऐसी बांझ ख़स्लत है जो कोई नेकी नहीं करने देती। कहा जाता है कि "जहन्नमियों की ज़ियादा तर चीख़ो पुकार टाल मटोल की वज्ह से होगी।" टाल मटोल करने वाला शख़्स ता़अ़ात बजा लाने में सुस्ती दिखाता और गुनाहों से तौबा करने में ताख़ीर करता रहता है यहां तक कि इसी हा़लत में उसे मौत आ दबोचती है। कु़रआने ह़कीम में इरशाद होता है :

---

1 ......الترغيب و الترهيب، كتاب التوبة والزهد، الحديث: ٦٠، ج٤، ص٨٦، بدون قوله فمن عمرها......الخ.

www.dawateislami.net

فَيَقُوْلَ رَبِّ لَوْلَاۤ اَخَّرْتَنِيْۤ اِلٰۤى اَجَلٍ قَرِيْبٍۙ فَاَصَّدَّقَ وَاَكُنْ مِّنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿۱۰﴾

(پ۲۸، المنافقون: ۱۰)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *फिर कहने लगे ऐ मेरे रब तू ने मुझे थोड़ी मुद्दत तक क्यूं मोहलत न दी कि मैं सदक़ा देता और नेकों में होता।*

उस से कहा जाएगा :

وَلَنْ يُّؤَخِّرَ اللّٰهُ نَفْسًا اِذَا جَآءَ اَجَلُهَا ؕ (پ۲۸، المنافقون: ۱۱)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और हरगिज़ **अल्लाह** किसी जान को मोहलत न देगा जब उस का वा'दा आ जाए।*

एक और मक़ाम पर इरशाद होता है :

اَوَلَمْ نُعَمِّرْكُمْ مَّا يَتَذَكَّرُ فِيْهِ مَنْ تَذَكَّرَ وَجَآءَكُمُ النَّذِيْرُ ؕ فَذُوْقُوْا فَمَا لِلظّٰلِمِيْنَ مِنْ نَّصِيْرٍ ﴿۳۷﴾

(پ۲۲، فاطر: ۳۷)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और क्या हम ने तुम्हें वोह उ़म्र न दी थी जिस में समझ लेता जिसे समझना होता और डर सुनाने वाला तुम्हारे पास तशरीफ़ लाया था तो अब चखो कि ज़ालिमों का कोई मददगार नहीं।*

फिर वोह दुन्या से ऐसी ह़सरतो नदामत ले कर जाता है जिस की कोई इन्तिहा नहीं।

तूले अमल का इ़लाज :

ऐ भाई ! अपनी उम्मीदें कम कर दे, मौत को निगाहों के सामने रख और लम्बी उम्मीदों को पसे पुश्त डाल दे। लज़्ज़तों का ख़ातिमा करने और जमाअ़तों को जुदा जुदा कर डालने वाली मौत को याद कर के उम्मीदें कम करने पर मदद ह़ासिल कर, अपने उन रिश्तेदारों और वाक़िफ़ कारों को याद कर जो तेरे सामने मौत का शिकार हो गए, मौत बहुत क़रीब है, निगाहों से ओझल है, इस का इन्तिज़ार किया जाता है, मौत के किसी भी वक़्त अचानक आ जाने के ख़ौफ़ से हर वक़्त इस की तय्यारी में लगा रह।

www.dawateislami.net

हुज़ूर नबिय्ये ग़ैबदान, सरवरे ज़ीशान, मालिके कौनो मकान صَلَّى اللّٰه تعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم (उम्मत की ता'लीम के लिये) इरशाद फ़रमाया करते थे : "क़सम है उस ज़ात की जिस के क़ब्ज़ए कुदरत में मेरी जान है ! मैं पलकें उठाता हूं तो येह गुमान करता हूं कि शायद इन्हें झुकाने से पहले मुझे मौत आ जाए और जब खाने का लुक़्मा लेता हूं तो ख़याल करता हूं कि शायद इसे निगलने से पहले मौत से हम कनार हो जाऊं ।"(1)

और कभी जब हुज़ूरे पुरनूर, शाफ़ेए यौमुन्नुशूर صَلَّى اللّٰه تعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم तयम्मुम के लिये दीवार पर हाथ मारते तो अ़र्ज़ की जाती : "या रसूलल्लाह صَلَّى اللّٰه تعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ! आप के क़रीब में पानी मौजूद है ।" तो इरशाद फ़रमाते : "मैं नहीं जानता कि उस तक पहुंच सकूंगा या नहीं ।"(2)

अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अबू बक्र सिद्दीक़ رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنۡهُ येह शे'र पढ़ा करते थे :

كُلُّ امْرَئٍ مُصَبَّحٌ فِي اَهْلِهٖ وَالْمَوْتُ اَدْنٰى مِنْ شِرَاكِ نَعْلِهٖ

तर्जमा : हर शख़्स अपने घरवालों में इस ह़ाल में सुब्ह़ करता है कि मौत उस के जूते के तस्मे से ज़ियादा उस के क़रीब होती है ।(3)

इमाम ग़ज़ाली عَلَيۡهِ رَحۡمَةُ اللّٰهِ الۡوَالِي का फ़रमाने आ़ली :

हुज्जतुल इस्लाम ह़ज़रते सय्यिदुना इमाम मुह़म्मद ग़ज़ाली عَلَيۡهِ رَحۡمَةُ اللّٰهِ الۡوَالِی फ़रमाते हैं : "जान लो ! बेशक मौत किसी मख़्सूस वक़्त, मख़्सूस ह़ालत और मख़्सूस उ़म्र में नहीं आती, वोह ज़रूर

---

1 ...شعب الايمان للبيهقى، باب فى الزهد، الحديث:١٠٥٦٤، ج٧، ص٣٥٥.

2 ...المعجم الكبير،الحديث:١٢٩٨٧، ج١٢، ص١٨٤.

3 ...احياء علوم الدين، كتاب آداب السماع و الوجد، بيان الدليل على......الخ، ج٢، ص٣٣٨

www.dawateislami.net

आ कर रहेगी । पस दुन्या के लिये तय्यार रहने से मौत के लिये तय्यार रहना बेहतर है ।''(1)

❁❁❁❁❁❁❁

बाब नम्बर 11 : चौथी रुकावट और इस का ह़ल

ह़राम और मुश्तबा चीज़ें खाना एक ऐसा अ़मल है जो ला मुह़ाला बन्दे को इत़ाअ़ते इलाही से फेर कर मा'सिय्यत के रास्ते पर ग़ामज़न कर देता है । चुनान्चे,

ह़लाल की बरकत और ह़राम की नुहूसत :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के मह़बूब, दानाए ग़ुयूब, मुनज़्ज़हुन अ़निल उ़यूब صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : ''जो ह़लाल रिज़्क़ खाता है न चाहते हुवे भी उस के आ'ज़ा इत़ाअ़त करते हैं और जो ह़राम खाता है, न चाहते हुवे भी उस के आ'ज़ा गुनाह करते हैं ।''(2)

एक रिवायत में है कि ''जो चाहे खा, उसी जैसे अ़मल करेगा (या'नी ह़लाल त़ाअ़त पर उभारता है तो ह़राम बुराई की दा'वत देता है) ।''(3)

एक आ़रिफ़ फ़रमाते हैं : ''लोगों का बिग़ैर तह़क़ीक़ो तफ़्तीश के एक लुक़्मा खाना उन्हें ह़क़ से मह़रूम और दाइरए विलायत से ख़ारिज कर देता है ।''

मुश्तबा और ह़राम खाने वाला अगर इबादत करे भी तो क़बूल नहीं होती क्यूंकि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ कुरआने पाक में इरशाद फ़रमाता है :

---

1 .....بداية الهداية للغزالى،آداب النوم،ص ١٠ .

2 .....المدخل،ج،ص ١٢ ،مفهوماً.

3 .....النصيحة الكافية،النصيحة لله،الفرع الرابع الباطل،ص ١٣ .

www.dawateislami.net

إِنَّمَا يَتَقَبَّلُ اللّٰهُ مِنَ الْمُتَّقِيْنَ ۝ (پ ٦، المائدہ: ٢٧)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : अल्लाह उसी से क़बूल करता है जिसे डर है।

ह़दीसे मुबारक में है कि "अल्लाह عَزَّوَجَلَّ पाक है और पाक ही को क़बूल फ़रमाता है।"(1)

ऐ भाई ! ह़राम खाने से बच क्यूंकि ह़राम से बचना फ़र्ज़ है और शुबा वाला खाना खाने से भी हाथ खींच ले कि येह तक़्वा है। रिज़्क़े ह़लाल त़लब करना फ़र्ज़ है, फ़राइज़ के बा'द येह बहुत अहम फ़रीज़ा है और रिज़्क़े ह़लाल ह़ासिल कर के इस में से मियानारवी से खा और पहन और इसराफ़ न कर क्यूंकि ह़लाल इसराफ़ को नहीं उठाता। पेट भर कर खाना न खा क्यूंकि ह़लाल से पेट भरना हर बुराई की इब्तिदा है तो ह़राम का क्या आ़लम होगा। चुनान्चे,

पेट का क़ुफ़्ले मदीना लगाइये :

ह़ज़रते सय्यिदुना मिक़्दाम बिन मा'दी कर्ब رَضِیَ اللّٰہ تعَالٰی عَنْہ फ़रमाते हैं मैं ने **सय्यिदुल मुबल्लिग़ीन, रह़्मतुल्लिल आ़लमीन** صَلَّی اللّٰہ تعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم को इरशाद फ़रमाते हुवे सुना कि "किसी आदमी ने पेट से ज़ियादा बुरा बरतन कोई नहीं भरा(2), इन्सान के लिये चन्द लुक़्मे

---

(1) ......صحیح مسلم، کتاب الزکاۃ، باب قبول الصدقۃ......الخ، الحدیث: ١٠١٥، ص ٥٠٦.

(2) ......**मुफ़स्सिरे शहीर ह़कीमुल उम्मत** मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَیْہِ رَحْمَۃُ الْحَنَّان फ़रमाते हैं : "ज़ियादा पेट भरने से मुख़्तलिफ़ बीमारियां पैदा होती हैं। नव्वे फ़ीसदी बीमारियां पेट से होती हैं। फिर इस से सख़्त ग़फ़्लत पैदा होती है। दिल में नूर नहीं आता।" कुछ आगे जा कर फ़रमाते हैं : "सूफ़िया फ़रमाते हैं कि क़दरे भूका रहने में दस फ़ाइदे हैं जिस्मानी सिह़्ह़त, दिल की सफ़ाई त़बीअ़त की हश्शाशी बश्शाशी या'नी चुस्ती, दिल की नर्मी, त़बीअ़त में इन्किसार व इज्ज़, तकब्बुर व ग़ुरूर का टूटना, गुनाहों की कमी, दरमियानी दरजे की नींद........ **बक़िय्या अगले सफ़ह़े पर**

www.dawateislami.net

काफ़ी हैं जो उस की पीठ को सीधा रखें, फिर अगर ज़ियादा की ज़रूरत हो तो एक तिहाई खाने के लिये, एक तिहाई पानी के लिये और एक तिहाई सांस के लिये।"[1]

❁❁❁❁❁❁❁

बाब नम्बर 12 : इख़्लास का बयान

अल्लाह रब्बुल इ़ज़्ज़त कुरआने मजीद में इरशाद फ़रमाता है :

وَمَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَالْاِنْسَ اِلَّا لِيَعْبُدُوْنِ ﴿٥٦﴾ (پ٢٧، الذّٰريٰت:٥٦)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : और मैं ने जिन्न और आदमी इतने ही लिये बनाए कि मेरी बन्दगी करें।

يٰعِبَادِيَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اِنَّ اَرْضِيْ وَاسِعَةٌ فَاِيَّايَ فَاعْبُدُوْنِ ﴿٥٦﴾ (پ٢١، العنكبوت:٥٦)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : ऐ मेरे बन्दो जो ईमान लाए बेशक मेरी ज़मीन वसीअ़ है तो मेरी ही बन्दगी करो।

प्यारे इस्लामी भाई ! अल्लाह عَزَّوَجَلَّ तुझे तौफ़ीक़ दे तुझ पर लाज़िम है कि इ़बादत में रुकावट डालने और इस राह में आड़े आने वाले उमूर से खुद को बचा कर अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की इ़बादत पर कमर बांध ले। और याद रख ! इ़बादत बिग़ैर इ़ल्म के दुरुस्त नहीं।

बक़िय्या ह़ाशिया......इ़बादात का शौक़, ज़िक्रे इलाही में लज़्ज़तो ज़ौक़ वग़ैरा।"

(मिरआतुल मनाजीह़, जि. 7,स. 28,29)

मदनी मश्वरा : भूक के फ़ज़ाइल जानने, कम खाने की आ़दत बनाने और ढेरों ढेर इ़ल्मी, तह़क़ीक़ी, तिब्बी, शरई मा'लूमात का ख़ज़ाना पाने के लिये **"दा'वते इस्लामी"** के इशाअ़ती इदारे **"मक्तबतुल मदीना"** की मत़बूआ़ **1548** सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब **"फ़ैज़ाने सुन्नत"** के बाब **"आदाबे त़आ़म"** और **"पेट का कुफ़्ले मदीना"** का मुत़ालआ़ बेहद मुफ़ीद रहेगा। **इ़ल्मिय्या**

[1] جامع الترمذی، کتاب الزهد، باب ماجاء فی راهية.....الخ، الحديث:٢٣٨٧، ج٤، ص١٦٨.

www.dawateislami.net

और बिग़ैर इख़्लास के इ़ल्मो इबादत का कुछ फ़ाएदा नहीं । लिहाज़ा तेरे लिये इख़्लास ज़रूरी है क्यूंकि येह आ'माल का मदार है और इसी अस्ल पर ए'तिमाद है ।

इख़्लास की ता'रीफ़ :

ह़ज़रते सय्यिदुना इमाम अबू क़ासिम अ़ब्दुल करीम हवाज़िन क़ुशैरी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْقَوِى फ़रमाते हैं : "इख़्लास येह है कि इबादत में **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के इ़लावा किसी और का इरादा न किया जाए । या'नी तू इबादत के ज़रीए **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का क़ुर्ब ह़ासिल करने का इरादा करे कोई और मक़्सद न हो, न मख़्लूक़ के लिये बनावट हो न लोगों से ता'रीफ़ की ख़्वाहिश और न ही लोगों की मह़ब्बत हो बल्कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के क़ुर्ब के इ़लावा कोई दूसरी बात पेशे नज़र न हो ।"

मज़ीद इरशाद फ़रमाते हैं : "येह कहना भी दुरुस्त है कि मख़्लूक़ की निगाहों से अपने अ़मल को पाक रखने का नाम इख़्लास है ।"[1]

❁❁❁❁❁❁❁

बाब नम्बर 13 : रियाकारी

शिर्के असग़र :

प्यारे इस्लामी भाई ! रियाकारी से बच क्यूंकि येह आ'माल को बरबाद और सवाब को ज़ाएअ़ कर देती, **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की नाराज़ी और ग़ज़ब का बाइ़स बनती है और हुज़ूर नबिय्ये पाक صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इस का नाम शिर्के असग़र रखा है ।[2]

---

1 .....الرسالة القشيرية،باب الاخلاص،ص٢٤٢.

2 .....المعجم الكبير،الحديث:١٠٤٣٠،ج٤،ص٢٥٣.

www.dawateislami.net

"रियाकार" क़ारी, शहीद और सख़ी का अन्जाम :

हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रहीम صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की मख़्लूक़ में सब से पहले तीन बन्दों को जहन्नम में डाला जाएगा : एक वोह क़ारी जिस ने इस लिये क़ुरआन पढ़ा कि लोग उसे क़ारी कहें, दूसरा वोह शहीद जिस ने इस लिये क़िताल किया कि लोग उसे बहादुर कहें और तीसरा वोह सख़ी जिस ने इस लिये माल सदक़ा किया कि लोग उसे सख़ी कहें।"(1)

रिया की ता'रीफ़ :

जिन आ'माल के ज़रीए **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का क़ुर्ब हासिल होता है मसलन नमाज़, रोज़ा वग़ैरा उन के ज़रीए मख़्लूक़ के दिल में अपनी क़द्रो मन्ज़िलत चाहने का नाम रिया है।

रिया का इलाज :

जब तू अपने दिल में रिया महसूस करे तो अ़मल तर्क कर के इख़्लास त़लब न कर क्यूंकि इस त़रह़ तो तू शैत़ान को ख़ुश करेगा बल्कि तुझ पर ग़ौरो फ़िक्र करना ज़रूरी है कि जो आ'माल लोगों से छुप कर नहीं किये जा सकते जैसे ह़ज, जिहाद, त़लबे इल्म, नमाज़े बा जमाअ़त वग़ैरा तू उन्हें लोगों के सामने ही बजा ला जैसे **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने हुक्म इरशाद फ़रमाया है। और (इख़्लास के लिये) अपने नफ़्स से जिहाद कर और **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ से मदद त़लब कर।

और वोह आ'माल जो इस दरजे के न हों (या'नी जिन्हें छुप कर करना मुमकिन हो) जैसे रोज़ा, रात की इबादत, सदक़ा और तिलावत वग़ैरा तो ऐसे आ'माल को छुपाने में बहुत ज़ियादा कोशिश कर। क्यूंकि इन आ'माल को छुप कर करना बहर ह़ाल अफ़्ज़ल है सिवाए उस शख़्स

1 .....سنن النسائی، کتاب الجهاد، باب من قاتل لیقال.....الخ، الحدیث: ۳۱۳٤، ص ۵۱۰ مفهوماً.

www.dawateislami.net

कि जिसे रिया का ख़ौफ़ न हो और वोह जिसे उम्मीद हो कि उसे देख कर लोग उस की इक़्तिदा करेंगे और वोह इस का अह्ल भी हो ।

❁❁❁❁❁❁❁

बाब नम्बर 14 : ख़ुद पसन्दी

प्यारे इस्लामी भाई ! खुद पसन्दी से बच कि येह आ'माल बरबाद कर देती है । चुनान्चे,

ख़ुद पसन्दी की आफ़त :

सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना, बाइसे नुज़ूले सकीना صَلَّى اللہ تعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "खुद पसन्दी नेकियों को इस त़रह़ खा जाती है जिस त़रह़ आग लकड़ी को खा जाती है ।"[1]

हलाक करने वाली चीज़ें :

एक रिवायत में है कि हुस्ने अख़्लाक़ के पैकर, नबियों के ताजवर, मह़बूबे रब्बे अक्बर صَلَّى اللہ تعَالٰی عَلَیۡہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "तीन चीज़ें हलाक कर देती हैं : (1)......ऐसा बुख़्ल जिस की पैरवी की जाए (2)......ऐसी नफ़्सानी ख़्वाहिश जिस पर अ़मल किया जाए और (3)......बन्दे का खुद पसन्दी में मुब्तला होना ।"[2]

ख़ुदपसन्दी की ता'रीफ़ :

बन्दे का ख़ुद को बड़ा समझना और अपने आ'माल को अच्छा ख़याल करना **ख़ुद पसन्दी** कहलाता है, इस की

1 ......تفسیر کشاف،پ۲۶،محمد،تحت الآیۃ۳۳،ج۴،ص۳۲۹.

2 ......المعجم الاوسط،الحدیث:۵۴۵۲،ج۴،ص۱۲۹.

www.dawateislami.net

वज्ह से अ़मल पर नाज़, लोगों पर बड़ाई और नफ़्स से राज़ी रहने की वबाएं जनम लेती हैं। और येह ऐसा ही है, जैसा कि ह़ज़रते सय्यिदुना इब्ने अ़त़ाउल्लाह رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने फ़रमाया : "ग़फ़्लत, शहवत और नफ़्स की कारस्तानियों पर राज़ी रहना तमाम बुराइयों की जड़ है।"(1)

जो अपने नफ़्स पर राज़ी होता है वोह अपने उ़यूब देखने से अन्धा हो जाता है और अपने उ़यूब से ग़ाफ़िल शख़्स कैसे फ़लाह़ पा सकता है ?

وَعَيْنُ الرِّضَا عَنْ كُلِّ عَيْبٍ كَلَيْلَةٍ وَلٰكِنْ عَيْنُ السُّخْطِ تُبْدِى الْمَسَاوِيَا

तर्जमा : खुश नज़्री हर ऐ़ब से रात की त़रह़ है लेकिन गु़स्से की नज़्र बुराइयों को ज़ाहिर कर देती है।(2)

❁❁❁❁❁❁❁

बाब नम्बर 15 : ## दुन्या की मह़ब्बत

बुराइयों की जड़ :

सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना, बाइ़से नुज़ूले सकीना صَلَّى اللّٰه تَعَالٰی عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या की मह़ब्बत हर बुराई की जड़ है।"(3)

येह ह़क़ीक़त है कि दुन्या की मह़ब्बत हर ख़त़ा की जड़, हर आफ़त की अस्ल, हर मुसीबत की बुन्याद, हर फ़ित्ने का सर चश्मा और हर मशक़्क़त का मर्कज़ है और येह ऐसी मुसीबत है जिस का नुक़्सान इस

---

1 ...ايقاظ الهم شرح متن الحكم،الجزء١،ص٥٠.

2 ...الرسالة القشيريه،باب الصحبة،ص٣٢٦.

3 ...مشكاةالمصابيح،كتاب الرقاق،الفصل الثالث الحديث:٥٢١٣،ج٢،ص٢٥٠.

www.dawateislami.net

ज़माने में फैल चुका, जिस का शर छा चुका और जिस का ख़त़रा बहुत बढ़ चुका है, मह़ब्बते दुन्या के अन्धेरे ने हर ख़ासो आ़म को ढांप लिया है। फिर भी लोग शर्मो आ़र मह़सूस किये बिग़ैर बर्मला इस की मह़ब्बत का इज़्हार करते हैं। दुन्या की मह़ब्बत लोगों के दिलों में कामिल त़ौर पर घर कर चुकी है। दुन्या सजाने और इस का साज़ो सामान इकठ्ठा करने की अन्धी ह़िर्स, इन्हें दुन्या से मह़ब्बत के नतीजे में मिली है। उन की दौड़ धूप दिन रात शुबहात और ह़राम को शिकार करने में ही सर्फ़ हो रही है। गोया यूं लगता है कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने उन पर दुन्या को सजाना, इसे आबाद करना ऐसे ही फ़र्ज़ किया है जैसा कि नमाज़ और रोज़े।

इसी मह़ब्बत की वज्ह से दीन के निशान मिट गए, यक़ीन के अन्वार मांद पड़ गए, नसीह़त करने वालों की ज़बानें बन्द हो गईं। इसी की वज्ह से हिदायत के रास्ते बन्द और गुमराही के रास्ते खुल गए। रब्बे लम यज़ल की क़सम ! दुन्या की मह़ब्बत अन्धा और बहरा फ़ित्ना और ऐसा सियाह अन्धेरा है कि जिस में न तो कोई दुआ़ क़बूल होती है और न ही किसी पुकारने वाले की पुकार सुनी जाती है।

इस उम्मत का बछड़ा :

सय्यिदुल मुबल्लिग़ीन, रह़्मतुल्लिल आ़लमीन صَلَّى اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم का इरशादे ह़क़ीक़त बुन्याद है : “हर उम्मत के लिये कोई न कोई चीज़ फ़ित्ना हुई है और मेरी उम्मत का फ़ित्ना मालो दौलत है और हर उम्मत के लिये एक बछड़ा हुवा है और मेरी उम्मत का बछड़ा दिरहमो दीनार हैं।”(1)

---

(1)......جامع الترمذی ابواب الزھد، باب ماجاء ان فتنة......الخ،الحدیث:۲۳۴۳،ج۴،ص۱۵۰

فردوس الاخبار بماثور الخطاب،الحدیث:۵۰۱۹،ج۳،ص۳۳۸۔

www.dawateislami.net

ह़दीस की तश्रीह़ :

हर उम्मत में ऐसी चीज़ ज़रूर रही है जिस की वज्ह से लोग **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की इ़बादत से यक्सर ग़ाफ़िल हो गए जैसा कि बनी इस्राईल मा'बूदे ह़क़ीक़ी عَزَّوَجَلَّ की इ़बादत छोड़ कर बछड़े की पूजापाट करने लग गए थे।

❁❁❁❁❁❁❁

ख़ातिमे की तम्हीद

दुन्या और त़लबगाराने दुन्या की मज़म्मत में वारिद आयात, अह़ादीसो अक़्वाल पर मुश्तमिल इस रिसाले के "ख़ातिमे" से क़ब्ल अच्छा होगा कि हम एक ऐसा क़ाइ़दा बयान करें जिस पर ए'तिमाद हो और उस की त़रफ़ रुजूअ़ किया जाएगा। और तौफ़ीक़ देने वाली ज़ात **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की है।

दुन्या के तीन ह़िस्से :

दुन्या के तीन ह़िस्से हैं :

(1).....पहला वोह जिस में सवाब है (2).....दूसरा वोह जिस का ह़िसाब है और (3).....तीसरा वोह जिस में अ़ज़ाब है।

वज़ाह़त :

सवाब वाला ह़िस्सा वोह है जिस के वसीले से बन्दा भलाई तक पहुंचता और बुराई से नजात पाता है। येह मोमिन की सुवारी, आख़िरत की खेती और किफ़ायत करने वाली ह़लाल रोज़ी है।

ह़िसाब वाला ह़िस्सा वोह है जिस की वज्ह से तू किसी हुक्म की अदाएगी से ग़ाफ़िल न हो और इस की त़लब में किसी ना जाइज़ काम का इर्तिकाब न करे और इस के अह्ल वोह अग़निया हैं जिन का ह़िसाब त़वील होगा, फ़ुक़रा इन से 500 साल पहले जन्नत में दाख़िल हो जाएंगे।

www.dawateislami.net

और अ़ज़ाब वाला ह़िस्सा वोह है जिस में बन्दा तमाम ज़रूरी उमूर की अदाएगी से दूर हो कर गुनाहों में मुब्तला हो जाता है। जो इस ह़िस्से का मालिक बनेगा येह उस को आग की त़रफ़ बढ़ाएगा और ख़सारे के घर में धकेल देगा। चुनान्चे,

दुन्यादार, दुन्या के साथ जहन्नम में :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के प्यारे ह़बीब, ह़बीबे लबीब صَلَّى اللّٰه تعَالٰی عَلَیْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : (बरोज़े क़ियामत) अल्लाह عَزَّوَجَلَّ दुन्या को जहन्नम में जाने का हुक्म देगा तो वोह अ़र्ज़ करेगी : "ऐ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ मेरा गुरौह और मेरे चाहने वाले ?" अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाएगा : "इस के गुरौह और चाहने वालों को भी इस के साथ जहन्नम में डाल दो।" पस उन्हें भी जहन्नम में डाल दिया जाएगा।[1]

त़लबगाराने दुन्या की अक़्साम :

दुन्या के त़लबगारों की मुख़्तलिफ़ अक़्साम हैं :

(1)......वोह लोग जो दुन्या का माल इस निय्यत से ह़ासिल करते हैं कि रिश्तेदारों से सिलए रेह़मी करेंगे और ग़रीबों की मदद करेंगे उन का शुमार सख़िय्यों में होता है, अगर उन का अ़मल उन की निय्यत के मुत़ाबिक़ हो तो अज्र पाएंगे लेकिन इस के बा वुजूद उन में ह़िक्मत नाम की कोई चीज़ नहीं क्यूंकि साह़िबे ह़िक्मत वोह होता है जो किसी ऐसी चीज़ की ख़्वाहिश न करे जिस के बारे में उसे पता न हो कि उसे पा लेने के बा'द उस का क्या ह़ाल होगा ? लिहाज़ा इस निय्यत से माल ह़ासिल करने वाले "सा'लबा" के क़िस्से से इब्रत ह़ासिल करें जिस की त़रफ़ क़ुरआने मजीद में इशारा किया गया है। चुनान्चे,

---

1 ......قوت القلوب،الفصل الثانی و الثلاثون ......الخ،ذکرماهیة الدنیاو کیفیة......الخ، فصل اخر،ج١،ص٤٤٦،بتغیرٍقلیل.

www.dawateislami.net

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

وَ مِنْهُمْ مَّنْ عٰهَدَ اللّٰهَ لَىٕنْ اٰتٰىنَا مِنْ فَضْلِهٖ لَنَصَّدَّقَنَّ وَ لَنَكُوْنَنَّ مِنَ الصّٰلِحِیْنَ ﴿۷۵﴾

(پ ١٠،التوبة:٧٥)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और उन में कोई वोह हैं जिन्हों ने* ***अल्लाह*** *से अ़ह्द किया था कि अगर हमें अपने फ़ज़्ल से देगा तो हम ख़ैरात करेंगे और हम ज़रूर भले आदमी हो जाएंगे ।* (1)

---

(1)......सदरुल अफ़ाज़िल मौलाना सय्यिद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादाबादी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْهَادِی इस आयत के तह़त **तफ़्सीरे ख़ज़ाइनुल इरफ़ान** में फ़रमाते हैं :

शाने नुज़ूल : सा'लबा बिन (अबी) ह़ातिब ने सय्यिदे आ़लम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم से दरख़्वास्त की, कि उस के लिये मालदार होने की दुआ़ फ़रमाएं, हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने फ़रमाया : "ऐ सा'लबा थोड़ा माल जिस का तू शुक्र अदा करे उस बहुत से बेहतर है जिस का शुक्र अदा न कर सके ।" दोबारा फिर सा'लबा ने ह़ाज़िर हो कर येही दरख़्वास्त की और कहा : "उसी की क़सम, जिस ने आप को सच्चा नबी बना कर भेजा कि अगर वोह मुझे माल देगा तो मैं हर ह़क़ वाले का ह़क़ अदा करूंगा ।" हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने दुआ़ फ़रमाई । **अल्लाह** तआ़ला ने उस की बकरियों में बरकत फ़रमाई और इतनी बढ़ीं कि मदीने में उन की गुंजाइश न रही तो सा'लबा उन को ले कर जंगल में चला गया और जुमुआ़ व जमाअ़त की ह़ाज़िरी से भी मह़रूम हो गया । हुज़ूर ने उस का ह़ाल दरयाफ़्त फ़रमाया तो सह़ाबा ने अ़र्ज़ किया कि "उस का माल बहुत कसीर हो गया है और अब जंगल में भी उस के माल की गुंजाइश न रही ।" हुज़ूर ने फ़रमाया कि "सा'लबा पर अफ़्सोस ।" फिर जब हुज़ूरे अक़्दस صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने ज़कात के तह़सील करने वाले भेजे, लोगों ने उन्हें अपने अपने सदक़ात दिये । जब सा'लबा से जा कर उन्हों ने सदक़ा मांगा उस ने कहा : "येह तो टेक्स हो गया, जाओ मैं सोच लूं ।" जब येह लोग रसूले करीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم की ख़िदमत में वापस आए तो हुज़ूर صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने उन के कुछ अ़र्ज़ करने से क़ब्ल दो मरतबा फ़रमाया : "सा'लबा पर अफ़्सोस ।" तो येह आयत नाज़िल हुई । फिर सा'लबा सदक़ा ले कर ह़ाज़िर हुवा तो सय्यिदे आ़लम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने फ़रमाया : "**अल्लाह** तआ़ला ने मुझे इस के क़बूल फ़रमाने की मुमानअ़त फ़रमा दी ।" वोह अपने सर पर ख़ाक डाल कर वापस हुवा । फिर इस सदक़े को ख़िलाफ़ते सिद्दीक़ी में ह़ज़रते अबू बक्र رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के पास लाया उन्हों ने भी इसे क़बूल न फ़रमाया फिर ख़िलाफ़ते फ़ारूक़ी में ह़ज़रते उ़मर رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के पास लाया उन्हों ने भी क़बूल न फ़रमाया और ख़िलाफ़ते उ़स्मानी में येह शख़्स हलाक हो गया ।"

www.dawateislami.net

(2).....दुन्या के त़लबगारों की दूसरी क़िस्म में वोह लोग दाख़िल हैं जिन का दुन्या से मक़्सद ख़्वाहिशात की तक्मील और लज़्ज़ाते दुन्या से लुत़्फ़ अन्दोज़ होना होता है। ऐसों का शुमार जानवरों में किया गया है और येह चोपायों के जुमरे में दाख़िल हैं। इन का और इन जैसों का बयान कुरआन में यूं किया गया है। चुनान्चे,

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

اَمْ تَحْسَبُ اَنَّ اَكْثَرَهُمْ يَسْمَعُوْنَ اَوْ يَعْقِلُوْنَ ؕ اِنْ هُمْ اِلَّا كَالْاَنْعَامِ بَلْ هُمْ اَضَلُّ سَبِيْلًا ﴿۴۴﴾

(پ۱۹، الفرقان:٤٤)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *या येह समझते हो कि उन में बहुत कुछ सुनते या समझते हैं वोह तो नहीं मगर जैसे चोपाए बल्कि इन से भी बदतर गुमराह।* [1]

(3).....और तीसरी क़िस्म में वोह लोग आते हैं जो दूसरों पर फ़ख़्र करने और बड़ा मालदार बन कर नुमायां नज़र आने के लिये माल ह़ासिल करते हैं। येह अह़मक़ों, मग़रूरों बल्कि मरदूदों और मलऊ़नों में शुमार होते हैं। चुनान्चे,

---

1....सदरुल अफ़ाज़िल ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादाबादी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْهَادِى इस आयत के तह़त **तफ़्सीरे ख़ज़ाइनुल इरफ़ान** में इरशाद फ़रमाते हैं :

''या'नी वोह अपने शिद्दते इनाद से न आप की बात सुनते हैं न दलाइलो बराहीन को समझते हैं बहरे और ना समझ बने हुवे हैं। क्यूंकि चोपाए भी अपने रब की तस्बीह़ करते हैं और जो इन्हें खाने को दे उस के मुत़ीअ़ रहते हैं और एह़सान करने वाले को पहचानते हैं और तकलीफ़ देने वाले से घबराते हैं, नाफ़ेअ़ की त़लब करते हैं, मुज़िर से बचते हैं, चरागाहों की राहें जानते हैं, येह कुफ़्फ़ार इन से भी बदतर हैं कि न रब की इत़ाअ़त करते हैं न उस के एह़सान को पहचानते हैं, न शैत़ान जैसे दुश्मन की ज़रर रसानी को समझते हैं, न सवाब जैसी अ़ज़ीमुल मन्फ़अ़त चीज़ के त़ालिब हैं, न अ़ज़ाब जैसे सख़्त मुज़िर मोहलिका से बचते हैं।''

www.dawateislami.net

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

قَدْ عَلِمَ كُلُّ اُنَاسٍ مَّشْرَبَهُمْ ؕ

(پ ١، البقرة: ٦٠)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *हर गुरौह ने अपना घाट पहचान लिया।*

وَ رَبُّكَ يَعْلَمُ مَا تُكِنُّ صُدُوْرُهُمْ وَ مَا يُعْلِنُوْنَ ﴿٦٩﴾

(پ ٢٠، القصص: ٦٩)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और तुम्हारा रब जानता है जो उन के सीनों मे छुपा है और जो ज़ाहिर करते हैं।*

तो ऐ भाई ! अपने नफ़्स को नसीहत कर और इस के धोके से बच क्यूंकि येह तुझे ऐसे काम की त़रफ़ बुलाता है जिसे करने की तेरी निय्यत नहीं। फिर तू ऐसा हो जाएगा कि (आ'माल पर भरोसा करते हुवे) नाकामी का शिकार होगा और (आख़िरत में नेकियों का) दा'वा करेगा (लेकिन फ़सादे निय्यत की वज्ह से नेकियों के मुआ़मले में तू तही दामान और मुफ़्लिस होगा) और दुन्या व आख़िरत का ख़सारा तेरा मुक़द्दर बन जाएगा। चुनान्चे,

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

ذٰلِكَ هُوَ الْخُسْرَانُ الْمُبِيْنُ ﴿١٥﴾

(پ ٢٣، الزمر: ١٥)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *येही खुली हार है।*

जब येह साबित हो गया तो अब हम ख़ातिमे की त़रफ़ आते हैं।

❋❋❋❋❋❋❋

www.dawateislami.net

ख़ातिमा

इस में इरशादाते ख़ुदावन्दी व फ़रामीने मुस्त़फ़ा और अक़्वाले औलियाए किराम बयान किये जाएंगे जिन में दुन्या की बे सबाती, इस के ह़क़ीरो ज़लील होने और इस के धोके में मुब्तला हो कर इस के फ़ना होने को मुह़ाल समझने वाले के अह़मक़ व बे वुक़ूफ़ होने को वाज़ेह़ किया गया है। नीज़ जो इन में ग़ौरो फ़िक्र करेगा येह उसे दुन्या से बे रग़बती पर आमादा करेंगे जब कि वोह दिल रखता हो या कान लगाता हो और तवज्जोह करता हो। चुनान्चे,

इरशादे ख़ुदावन्दी

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है :

﴿1﴾ اِنَّمَا مَثَلُ الْحَیٰوةِ الدُّنْیَا كَمَآءٍ اَنْزَلْنٰهُ مِنَ السَّمَآءِ فَاخْتَلَطَ بِهٖ نَبَاتُ الْاَرْضِ مِمَّا یَاْكُلُ النَّاسُ وَالْاَنْعَامُ ؕ حَتّٰۤى اِذَاۤ اَخَذَتِ الْاَرْضُ زُخْرُفَهَا وَازَّیَّنَتْ وَظَنَّ اَهْلُهَاۤ اَنَّهُمْ قٰدِرُوْنَ عَلَیْهَاۤ ۙ اَتٰىهَاۤ اَمْرُنَا لَیْلًا اَوْ نَهَارًا فَجَعَلْنٰهَا حَصِیْدًا كَاَنْ لَّمْ تَغْنَ بِالْاَمْسِ ؕ كَذٰلِكَ نُفَصِّلُ

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *दुन्या की ज़िन्दगी की कहावत तो ऐसी ही है जैसे वोह पानी कि हम ने आस्मान से उतारा तो उस के सबब ज़मीन से उगने वाली चीज़ें सब घनी हो कर निकलीं जो कुछ आदमी और चोपाए खाते हैं यहां तक कि जब ज़मीन ने अपना सिंगार ले लिया और ख़ूब आरास्ता हो गई और उस के मालिक समझे कि येह हमारे बस में आ गई हमारा हुक्म उस पर आया रात में या दिन में तो हम ने उसे कर दिया काटी हुई गोया कल थी ही नहीं हम यूंही आयतें मुफ़स्सल बयान*

www.dawateislami.net

الْاٰیٰتِ لِقَوْمٍ یَّتَفَكَّرُوْنَ ﴿۲۴﴾
(پ۱۱،یونس ۲۴)

करते हैं ग़ौर करने वालों के लिये।[1]

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : बेशक हम ने ज़मीन का सिंगार किया जो कुछ उस पर है कि उन्हें आज़माएं उन में किस के काम बेहतर हैं और बेशक जो कुछ उस पर है एक दिन हम उसे पट पर मैदान (सफ़ेद ज़मीन) कर छोड़ेंगे।

﴾2﴿ اِنَّا جَعَلْنَا مَا عَلَى الْاَرْضِ زِیْنَةً لَّهَا لِنَبْلُوَهُمْ اَیُّهُمْ اَحْسَنُ عَمَلًا ﴿۷﴾ وَ اِنَّا لَجٰعِلُوْنَ مَا عَلَیْهَا صَعِیْدًا جُرُزًا ﴿۸﴾
(پ۱۵،الکھف:۷،۸)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : और ऐ सुनने वाले अपनी आंखें न फैला उस की त़रफ़ जो हम ने काफ़िरों के जोड़ों को बरतने के लिये दी है जितनी दुन्या की ताज़गी कि हम उन्हें इस के सबब फ़ितना में डालें और तेरे रब का रिज़्क़ सब से अच्छा और सब से देर पा है।[2]

﴾3﴿ وَلَا تَمُدَّنَّ عَیْنَیْكَ اِلٰى مَا مَتَّعْنَا بِهٖۤ اَزْوَاجًا مِّنْهُمْ زَهْرَةَ الْحَیٰوةِ الدُّنْیَا ۙ۬ لِنَفْتِنَهُمْ فِیْهِ ؕ وَرِزْقُ رَبِّكَ خَیْرٌ وَّ اَبْقٰى ﴿۱۳۱﴾
(پ۱۶،طٰهٰ:۱۳۱)

1.....सदरुल अफ़ाज़िल ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादाबादी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْهَادِی इस आयत के तह़त फ़रमाते हैं : "येह उन लोगों के ह़ाल की एक तमसील है जो दुन्या के शेफ़्ता हैं और आख़िरत की उन्हें कुछ परवाह नहीं इस में बहुत दिल पज़ीर त़रीक़े पर ख़ात़िर गुज़ीं किया गया है कि दुन्यवी ज़िन्दगानी उम्मीदों का सब्ज़ बाग़ है इस में उ़म्र खो कर जब आदमी उस ग़ायत पर पहुंचता है जहां उस को ह़ुसूले मुराद का इत़मीनान हो और वोह कामयाबी के नशे में मस्त हो, अचानक उस को मौत पहुंचती है और वोह तमाम ने'मतों और लज़्ज़तों से मह़रूम हो जाता है। (ह़ज़रते सय्यिदुना) क़तादा (رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُ) ने कहा कि दुन्या का त़लबगार जब बिल्कुल बे फ़िक्र होता है उस वक़्त उस पर अ़ज़ाबे इलाही आता है और उस का तमाम सरो सामान जिस से उस की उम्मीदें वाबस्ता थीं ग़ारत हो जाता है।"

2 ......मुफ़स्सिरे शहीर ह़कीमुल उम्मत मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان इस आयत के तह़त फ़रमाते हैं : "या'नी काफ़िरों की दौलत व औलाद वग़ैरा को लालच व वुक़्अ़त की नज़र से न देखो। येह रह़मत की शक्ल में अ़ज़ाब है। इस से मा'लूम हुवा कि मोमिन के मालो दौलत पर ग़िब्त़ा व रश्क करना जाइज़ है।"

www.dawateislami.net

﴾4﴿ مَنْ كَانَ يُرِيْدُ حَرْثَ الْاٰخِرَةِ نَزِدْ لَهٗ فِيْ حَرْثِهٖ ۚ وَ مَنْ كَانَ يُرِيْدُ حَرْثَ الدُّنْيَا نُؤْتِهٖ مِنْهَا وَ مَا لَهٗ فِي الْاٰخِرَةِ مِنْ نَّصِيْبٍ ﴿۲۰﴾ (پ۲۵، الشوریٰ: ۲۰)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : जो आख़िरत की खेती चाहे हम उस के लिये उस की खेती बढ़ाएं और जो दुन्या की खेती चाहे हम उसे उस में से कुछ देंगे और आख़िरत में उस का कुछ हिस्सा नहीं।[1]

﴾5﴿ اِعْلَمُوْۤا اَنَّمَا الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا لَعِبٌ وَّ لَهْوٌ وَّ زِيْنَةٌ وَّ تَفَاخُرٌۢ بَيْنَكُمْ وَ تَكَاثُرٌ فِي الْاَمْوَالِ وَ الْاَوْلَادِ ؕ كَمَثَلِ غَيْثٍ اَعْجَبَ الْكُفَّارَ نَبَاتُهٗ ثُمَّ يَهِيْجُ فَتَرٰىهُ مُصْفَرًّا ثُمَّ يَكُوْنُ حُطَامًا ؕ وَ فِي الْاٰخِرَةِ عَذَابٌ شَدِيْدٌ ۙ وَّ مَغْفِرَةٌ مِّنَ اللّٰهِ وَ رِضْوَانٌ ؕ وَ مَا الْحَيٰوةُ الدُّنْيَاۤ اِلَّا مَتَاعُ الْغُرُوْرِ ﴿۲۰﴾ (پ۲۷، الحدید: ۲۰)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : जान लो कि दुन्या की ज़िन्दगी तो नहीं मगर खेलकूद और आराइश और तुम्हारा आपस में बड़ाई मारना और माल और औलाद में एक दूसरे पर ज़ियादती चाहना उस मींह की त़रह़ जिस का उगाया सब्ज़ा किसानों को भाया फिर सूखा कि तू उसे ज़र्द देखे फिर रोंदन (पामाल किया हुवा) हो गया और आख़िरत में सख़्त अ़ज़ाब है और **अल्लाह** की त़रफ़ से बख़्शिश और उस की रिज़ा और दुन्या का जीना तो नहीं मगर धोके का माल।[2]

1.....मुफ़स्सिरे शहीर **ह़कीमुल उम्मत** मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان इस आयत के तह़्त फ़रमाते हैं : "क्यूंकि उस ने आख़िरत के लिये आ'माल किये ही नहीं, मा'लूम हुवा कि रियाकार सवाब से मह़रूम रहता है मगर शरअ़न उस का अ़मल दुरुस्त है, रिया की नमाज़ से फ़र्ज़ अदा हो जाएगा, सवाब न मिलेगा।"

2.....मुफ़स्सिरे शहीर **ह़कीमुल उम्मत** मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان फ़रमाते हैं : "इस से मा'लूम हुवा कि ह़याते दुन्या वोह ज़िन्दगी है जो नफ़्से अम्मारा के लिये सर्फ़ की जाए। इस सूरत में ज़िन्दगी के सारे काम लग़्व और खेल हैं। मगर जो ज़िन्दगी तोशए आख़िरत जम्अ़ करने का ज़रीआ़ बने वोह ह़याते दुन्या नहीं बल्कि ह़याते आख़िरत है। शैत़ान की नेकियां दुन्या थीं, ह़ज़रते आदम عَلَيْهِ السَّلَام की ख़त़ा भी दुन्या नहीं वोह मक़्बूले तौबा और बुलन्दिये दरजात का ज़रीआ़ बनी। **ख़याल रहे!** कि लह्वो ला'ब वोह है जिस में मश्ग़ूलिय्यत ज़ियादा हो मगर नतीजा कुछ न हो।"

www.dawateislami.net

﴾6﴿ فَاَمَّا مَنْ طَغٰىۙ﴿۳۷﴾ وَ اٰثَرَ الْحَیٰوةَ الدُّنْیَاۙ﴿۳۸﴾ فَاِنَّ الْجَحِیْمَ هِیَ الْمَاْوٰىؕ﴿۳۹﴾ (پ۳۰، النزعت:۳۷تا۳۹)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : तो वोह जिस ने सरकशी की, और दुन्या की ज़िन्दगी को तरजीह़ दी, तो बेशक जहन्नम ही उस का ठिकाना है। (1)

फ़रामीने मुस्त़फ़ा

दुन्या की हैसिय्यत :

﴾1﴿......सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم का इरशाद है : "दुन्या ला'नती है और जो इस में है वोह ला'नती है सिवाए **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के ज़िक्र, आ़लिम और त़ालिबे इ़ल्म के। अगर **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के नज़्दीक दुन्या की हैसिय्यत मच्छर के पर बराबर भी होती तो इस में से किसी काफ़िर को पानी का एक घूंट न पिलाता।"(2)

दुन्या मुर्दार है :

﴾2﴿......सरकारे वाला तबार, शफ़ीए रोज़े शुमार, दो आ़लम के मालिको मुख़्तार صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या सड़ा हुवा मुर्दार है।"(3)

---

1 ......मुफ़स्सिरे शहीर **ह़कीमुल उम्मत** मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَیْہِ رَحْمَةُ الْحَنَّان फ़रमाते हैं : "या'नी जो शख़्स अम्बिया की इत़ाअ़त से सर फेरे और आख़िरत के मुक़ाबिल दुन्यावी ज़िन्दगी को इख़्तियार करे वोह दाइमी जहन्नमी है क्यूंकि वोह काफ़िर है, ख़याल रहे कि दुन्यावी ज़िन्दगी वोह है जो नफ़्सानी ख़्वाहिशात में ख़र्च हो। और जो ज़िन्दगी आख़िरत की तय्यारी में सर्फ़ हो वोह दुन्या की ज़िन्दगी नहीं अगर्चे दुन्या में ज़िन्दगी हैं। दुन्या की ज़िन्दगी और है, दुन्या में ज़िन्दगी कुछ और। दुन्या की ज़िन्दगी फ़ानी है मगर जो दुन्या में ज़िन्दगी आख़िरत के लिये है, फ़ना नहीं।"

2 ......سنن ابن ماجه، کتاب الزهد،باب مثل الدنیا،الحدیث:۴۱۱۰،۴۱۱۲،ج۴،ص۴۲۷،۴۲۸ .

3 ......حلیة الاولیاء،الرقم۴۰۳یوسف بن اسباط،الحدیث:۱۲۱۲۳،ج۸،ص۲۶۰.

www.dawateislami.net

दुन्या ग़लाज़त की त़रह़ है :

﴾3﴿.....ताजदारे रिसालत, शहनशाहे नबुव्वत, मख़्ज़ने जूदो सख़ावत صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "बेशक **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने इब्ने आदम की ग़लाज़त को दुन्या की मिसाल बनाया ।"(1)

दुन्या व आख़िरत की मिसाल :

﴾4﴿.....हुज़ूर नबिय्ये पाक, साहिबे लौलाक, सय्याहे अफ़्लाक صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या आख़िरत के मुक़ाबिल ऐसी है जैसे तुम में से कोई अपनी उंगली समन्दर में डाले फिर देखे कि वोह कितना पानी ले कर लौटती है ।"(2)

क़ियामत की ह़सरत :

﴾5﴿.....हुस्ने अख़्लाक़ के पैकर, नबियों के ताजवर, मह़बूबे रब्बे अक्बर صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "क़ियामत के दिन हर एक को येह ह़सरत होगी कि काश ! उसे दुन्या में थोड़ी रोज़ी भी न दी होती ।"

दुश्वार गुज़ार घाटी :

﴾6﴿.....नूर के पैकर, तमाम नबियों के सरवर, दो जहां के ताजवर, सुल्त़ाने बह़रो बर صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "बेशक तुम्हारे सामने एक सख़्त दुश्वार गुज़ार घाटी है, जिसे सिर्फ़ हल्के बोझ वाले ही उ़बूर कर सकेंगे ।" एक शख़्स ने अ़र्ज़ की : "या रसूलल्लाह صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ! क्या मैं हल्कों में से हूं ?"

---

1 .....شعب الايمان للبيهقى،باب فى المطاعم،الحديث:٥٦٥٣،ج٥،ص٢٩.

2 .....سنن ابن ماجه،كتاب الزهد،باب مثل الدنيا،الحديث:٤١٠٨،ج٤،ص٤٢٦.

www.dawateislami.net

इरशाद फ़रमाया : "क्या तुम्हारे पास आज के दिन की रोज़ी है?" उस ने अ़र्ज़ की : "जी हां।" फिर इरशाद फ़रमाया : "क्या कल के खाने के लिये भी कुछ है?" अ़र्ज़ की : "नहीं।" प्यारे मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "अगर तुम्हारे पास कल के खाने के लिये भी कुछ होता तो तुम हल्के बोझ वालों में से न होते।"(1)

दुन्या और औ़रतों से बचो :

﴿7﴾.....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के महबूब, दानाए ग़ुयूब, मुनज़्ज़हुन अ़निल उ़यूब صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या शीरीं, सर सब्ज़ो शादाब है। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ तुम्हें इस में ख़लीफ़ा बनाएगा फिर देखेगा तुम कैसे अ़मल करते हो। लिहाज़ा दुन्या से बचो और औ़रतों से डरो! **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की क़सम! मुझे तुम पर तंगदस्ती से ख़ौफ़ नहीं बल्कि मैं तुम पर इस बात से डरता हूं कि तुम पर दुन्या फैला दी जाएगी जैसे तुम से पहले वालों पर फैला दी गई थी। फिर तुम इस में रग़बत कर जाओ जैसे वोह लोग रग़बत रखते थे और येह तुम्हें वैसे ही हलाक कर दे जैसे उन्हें हलाक किया।"(2)

दुन्या की ज़ेबो ज़ीनत का ख़ौफ़ :

﴿8﴾.....हुज़ूर नबिय्ये मुकर्रम, नूरे मुजस्सम, शाहे बनी आदम صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "मैं अपने बा'द तुम पर इस बात से ख़ौफ़ करता हूं कि दुन्या की ज़ेबो ज़ीनत और तरो ताज़गी तुम पर खोल दी जाएगी।"(3)

---

1 .....المعجم الاوسط، الحديث:٤٨٠٩،ج٣،ص٥٢٣

2 ...سنن ابن ماجه، كتاب الفتن،فتنة الماء،الحديث:٤٠٠٠،٤٩٩٧،ج٤،ص٣٥٦،٣٥٧.

3 ..صحيح مسلم، كتاب الزكاة،باب تخوف مايخرج.....الخ، الحديث:١٠٥٢،ص٥٢٣.

www.dawateislami.net

दुन्या जादूगर है :

﴾9﴿.....हुज़ूर नबिय्ये अकरम, नूरे मुजस्सम صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या से डरो ! येह हारूत मारूत से भी ज़ियादा जादूगर है।"(1)

काफ़िर की जन्नत :

﴾10﴿.....हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रहीम صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या मोमिन के लिये क़ैदख़ाना और काफ़िर के लिये जन्नत है।"(2)

मोमिन को दुन्या से दूर रखा जाता है :

﴾11﴿.....सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना, बाइ़से नुज़ूले सकीना صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ अपने मोमिन बन्दे को दुन्या से इस त़रह़ दूर रखता है जैसे कोई शफ़ीक़ चरवाहा अपनी बकरियों को हलाकत में डालने वाली चरागाह से दूर रखता है।"(3)

हुब्बे दुन्या का गुनाह :

﴾12﴿.....सरकारे मदीना, राह़ते क़ल्बो सीना, फ़ैज़ गंजीना, बाइ़से नुज़ूले सकीना صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या की मह़ब्बत एक ऐसा गुनाह है जो (बिग़ैर तौबा के) मुआ़फ़ नहीं होता।"(4)

---

1 .....شعب الايمان للبيهقى،باب فى الزهدوقصرالامل،الحديث:١٠٥٠٤،ج٧،ص٣٣٩.

2 .....سنن ابن ماجه،كتاب الزهد،باب مثل الدنيا،الحديث:٤١١٣،ج٤،ص٤٢٨.

3 .....شعب الايمان للبيهقى،باب فى الزهدوقصرالامل،الحديث:١٠٤٥١،ج٧،ص٣٢١.

4 .....فردوس الاخبار بمأثور الخطاب،الحديث:٣١٦٧،ج٢،ص٢٤٨،مفهومًا.

www.dawateislami.net

बाक़ी को फ़ानी पर तरजीह़ दो :

﴾13﴿.....हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रहीम صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "जो अपनी आख़िरत से मह़ब्बत करता है वोह अपनी दुन्या को नुक़्सान पहुंचाता है और जो अपनी दुन्या से मह़ब्बत करता है वोह आख़िरत का नुक़्सान उठाता है। पस तुम बाक़ी रहने वाली को फ़ना होने वाली पर तरजीह़ दो।"(1)

दुन्या की कड़वाहट, आख़िरत की मिठास :

﴾14﴿.....शहनशाहे ख़ुश ख़िसाल, पैकरे हुस्नो जमाल, दाफ़ेए रन्जो मलाल صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या की कड़वाहट आख़िरत की ह़लावत है और दुन्या की ह़लावत आख़िरत की कड़वाहट है।"(2)

दुन्या में मालदार आख़िरत में कंगाल :

﴾15﴿.....सरकारे वाला तबार, हम बे कसों के मददगार, शफ़ीए रोज़े शुमार صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "कसीर मालो दौलत वाले क़ियामत के दिन तही दामां (कंगाल) होंगे सिवाए उस के जिस ने ज़ियादा से ज़ियादा माल राहे ख़ुदा में ख़र्च किया होगा।"(3)

तिहामा पहाड़ के बराबर नेकियां :

﴾16﴿.....हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रहीम صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद

---

1 .....شعب الایمان للبیھقی،باب فی الزھدوقصرالامل،الحدیث:۱۰۳۳۷،ج۷،ص۸۸.

2 .....شعب الایمان للبیھقی،باب فی الزھدوقصرالامل،الحدیث:۱۰۳۳۶ج۷،ص۸۸.

3 .....کنزالعمال،کتاب الاخلاق،باب الزھد،الحدیث:۶۲۷۹،ج۳،ص۹۳.

www.dawateislami.net

फ़रमाया : "क़ियामत के दिन कुछ लोगों को लाया जाएगा जिन के आ'माल "**तिहामा**" पहाड़ के बराबर होंगे लेकिन उन्हें गुबार के बिखरे हुवे बारीक ज़र्रे कर दिया जाएगा और फिर उन लोगों को जहन्नम में डाले जाने का हुक्म दिया जाएगा ह़ालांकि वोह नमाज़ी, रोज़ादार बल्कि रातों को इ़बादत करने वाले होंगे। लेकिन जब उन पर दुन्या आश्कार होती तो वोह उस पर झपट पड़ते थे।"[(1)]

मेरी और दुन्या की मिसाल :

﴾17﴿......शहनशाहे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना, साहि़बे मुअ़त्त़र पसीना صَلَّى اللّٰه تَعَالٰی عَلَیْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "मुझे दुन्या से क्या तअ़ल्लुक़ ?" मेरी और दुन्या की मिसाल उस मुसाफ़िर की त़रह़ है जो गर्मी वाले दिन में चले, फिर एक दरख़्त के नीचे कुछ देर लेट जाए फिर (दरख़्त को छोड़ कर आगे) चला जाए [(2)]।"[(3)]

1......احیاء علوم الدین، کتاب ذم الدنیا، ج۳، ص۲۵۲۔
حلیة الاولیاء، الرقم۲۹ سالم مولی ابی حذیفة، الحدیث:۵۷۵، ج۱، ص۳۳۳.

2......मुफ़स्सिरे शहीर **ह़कीमुल उम्मत** मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَیْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان फ़रमाते हैं : "या'नी जैसे येह सुवार इतनी देर आराम के लिये अपना बिस्तर नहीं खोलता, बल्कि ज़मीन पर ही लेट कर धूप ढल जाने पर चल देता है, ऐसे ही हमारा ह़ाल है, कि हम कौनैन के मालिक हैं, मगर अपने लिये कुछ नहीं रखते। लिहाज़ा ह़दीस का मत़लब येह नहीं कि हुज़ूरे अन्वर صَلَّى اللّٰه تَعَالٰی عَلَیْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने पर्दा फ़रमाने के बा'द दुन्या को और अपनी उम्मत को छोड़ दिया, इन सब से बे तअ़ल्लुक़ हो गए। अगर हुज़ूर صَلَّى اللّٰه تَعَالٰی عَلَیْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم हम को छोड़ दें, तो हम हलाक हो जाएं, सूरज दुन्या को छोड़ दे, तो दुन्या अन्धेरी हो जावे, रूह़ बदन को छोड़ दे तो बदन मर जावे, जड़ दरख़्त को छोड़ दे तो दरख़्त सूख जावे, अगर हुज़ूर صَلَّى اللّٰه تَعَالٰی عَلَیْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم दुन्या को छोड़ दें, तो कोई "अल्लाह-अल्लाह" कहने वाला न रहे।" (मिरआतुल मनाजीह, जि. 7, स. 65)

3......شعب الایمان للبیهقی، الحدیث:۱۰۴۵۰، ج۲، ص۱۶۷.

www.dawateislami.net

गोया पूरी दुन्या मिल गई :

﴾18﴿.....नूर के पैकर, तमाम नबियों के सरवर, दो जहां के ताजवर صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "जो तुम में से इस ह़ाल में सुब्ह़ करे कि उस के दिल में अम्नो अमान हो, जिस्म में तन्दुरुस्ती हो और उस के पास उस दिन का खाना भी हो तो गोया उस के लिये दुन्या पूरी जम्अ़ कर दी गई ।"(1)

﴾19﴿.....**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के प्यारे ह़बीब, ह़बीबे लबीब صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "मुझे दुन्या वीरान करने के लिये भेजा गया है इस लिये जो इसे आबाद करेगा वोह मुझ से नहीं (या'नी मेरे त़रीक़े पर नहीं) ।"(2)

अच्छी निय्यत का फल :

﴾20﴿.....हुज़ूरे अन्वर, नूरे मुजस्सम, शाहे बनी आदम صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "जिस की निय्यत आख़िरत का ह़ुसूल हो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ उस के दिल को ग़िना से भर देता और उस के मुआ़मलात को जम्अ़ फ़रमा देता है और दुन्या उस के पास ज़लीलो ख़्वार हो कर आती है और जिस की निय्यत सिर्फ़ दुन्या का ह़ुसूल ही हो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ उसे तंगदस्ती में मुब्तला कर देता और उस के मुआ़मलात को मुन्तशिर फ़रमा देता है और उसे दुन्या में से उतना ही मिलता है जितना कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने उस के मुक़द्दर में लिख दिया है ।"(3)

---

1 .....جامع الترمذی،ابواب الزهد،باب(٣٩)،الحدیث:٢٣٥٣،ج٤،ص١٥٥.

2 .....الترغیب والترهیب،کتاب التوبة والزهد،الحدیث:٦٠،ج٤،ص٨٦،دون قوله فمن عمرها.....الخ.

3 .....المسنداللامام احمدبن حنبل،حدیث زیدبن ثابت،الحدیث:٢١٦٤٦،ج٨، ص١٤٠،بتغیرٍ قلیلٍ.

www.dawateislami.net

दुन्या में ऐसे रहो :

﴾21﴿......हुज़ूर नबिय्ये मुकर्रम, नूरे मुजस्सम, रसूले मोहूतशम صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या में ऐसे रहो जैसे तुम मुसाफ़िर या रास्ता उ़बूर करने वाले हो और अपने आप को मुर्दों में शुमार करो ।"(1)

हर दिल अ़ज़ीज़ बनने का नुस्ख़ा :

﴾22﴿......हुज़ूर नबिय्ये करीम, रऊफ़ुर्रह़ीम صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या से बे रग़बती इख़्तियार करो अल्लाह عَزَّوَجَلَّ तुम से मह़ब्बत फ़रमाएगा । और जो कुछ लोगों के पास है इस से बे परवाह हो जाओ तो लोग भी तुम से मह़ब्बत करेंगे ।"(2)

दुन्या की आफ़ात :

﴾23﴿......सरकारे मदीना, राह़ते क़ल्बो सीना صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या उस का घर है जिस का कोई घर नहीं, उस का माल है जिस का कोई माल नहीं, इसे वोही जम्अ़ करता है जिस में कुछ अ़क़्ल नहीं, इस पर वोही ग़मगीन होता है जिसे इ़ल्म नहीं, इस पर वोही ह़सद करता है जिसे कुछ समझ नहीं और इस पर वोही ख़ुश होता है जिसे यक़ीन नहीं ।"(3)

दुन्या की मह़ब्बत का वबाल :

﴾24﴿......हुज़ूर नबिय्ये पाक, साहिबे लौलाक, सय्याहे अफ़्लाक

---

1 ......شعب الایمان للبیهقی،باب فی الزهد وقصر الامل،الحدیث:١٠٢٤٦،ج٧،ص٢٦٢.

2 ......شعب الایمان للبیهقی،باب فی الزهد وقصر الامل، الحدیث:١٠٥٢٣،ج٧،ص٣٤٤.

3 ......شعب الایمان للبیهقی،باب فی الزهد وقصر الامل،الحدیث:١٠٦٣٧،ج٧،ص٣٧٥.

www.dawateislami.net

صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "जिस किसी के दिल में दुन्या की मह़ब्बत डेरा डालती है वोह इस की वज्ह से तीन चीज़ों में मुब्तला हो जाता है : (1) न ख़त्म होने वाली मसरूफ़िय्यत (2) ऐसी ग़रीबी कि कभी ख़ुशह़ाली न हो और (3) .....ऐसी आरज़ू जो कभी पूरी न हो।"(1)

दुन्या व आख़िरत के त़लबगार :

﴿25﴾.....सय्यिदुल मुबल्लिग़ीन, रह़मतुल्लिल आ़लमीन صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या और आख़िरत दोनों त़ालिब भी हैं और मत़लूब भी। पस जो आख़िरत को त़लब करता है दुन्या उसे तलाश करती है यहां तक कि वोह इस में से अपना पूरा पूरा हिस्सा ले लेता है और जो दुन्या का त़लबगार होता है आख़िरत उसे ढूंडती रहती है यहां तक कि मौत उसे गरदन से आ दबोचती है।"(2)

ख़ुशबख़्त और बदबख़्त :

﴿26﴾.....हुज़ूर नबिय्ये पाक صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "सुनो ! सआ़दत मन्द वोह है जो बाक़ी (या'नी आख़िरत) को फ़ानी (या'नी दुन्या) पर तरजीह़ दे क्यूंकि आख़िरत की ने'मतें हमेशा रहेंगी और दुन्या की तकालीफ़ ख़त्म न होंगी और वोह आख़िरत के लिये अपना माल आगे भेज दे (या'नी राहे ख़ुदा में ख़र्च कर दे) और ऐसा न करे कि इसे वुरसा के लिये छोड़ जाए और वोह इसे रिज़ाए रब्बुल अनाम के लिये ख़र्च कर के सआ़दत मन्द बन जाएं और येह इसे जम्अ़ करने और ज़ख़ीरा करने के सबब बदबख़्त हो जाए।"(3)

---

1 .....الفردوس الاخبار بمأثور الخطاب، الحديث: ٦٢١٢، ج٤، ص٦٨.

2 .....الفتوحات المكيه، الباب الموفى ستين و خمسمائة.....الخ، ج٨، ص٤٥٧.

3 .....الفتوحات المكيه، الباب الموفى ستين و خمسمائة.....الخ، ج٨، ص٤٥٧.

www.dawateislami.net

दुन्या के त़ालिब का अन्जाम :

﴾27﴿.....शहनशाहे ख़ुश ख़िसाल, पैकरे हुस्नो जमाल, दाफ़ेए रंजो मलाल صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या का त़ालिब हलाक हो कर मुंह के बल गिरे । जब उसे कांटा लगे तो न निकाल सके ।"(1)

दिल व जिस्म की राह़त :

﴾28﴿.....सरकारे वाला तबार, हम बे कसों के मददगार, शफ़ीए रोज़े शुमार صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "दुन्या से बे रग़बती दिल और जिस्म को राह़त पहुंचाती है, इस में रग़बत ग़मों को बढ़ाती है और बेकारी दिल को सख़्त कर देती है ।"(2)

नूर जब दिल में दाख़िल होता है :

﴾29﴿.....ताजदारे रिसालत, शहनशाहे नबुव्वत, मख़्ज़ने जूदो सख़ावत صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم ने इरशाद फ़रमाया : "नूर जब दिल में दाख़िल होता है तो दिल कुशादा हो जाता है ।" अ़र्ज़ की गई : "क्या इस की कोई निशानी है ?" इरशाद फ़रमाया : "धोके के घर से दूर रहना, हमेशा के घर की त़रफ़ रुजूअ़ करना और मौत आने से पहले उस के लिये तय्यारी कर लेना ।"(3)

ह़ज़रते सय्यिदुना मूसा عَلَیْہِ السَّلَام को वह्य :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने ह़ज़रते सय्यिदुना मूसा कलीमुल्लाह عَلٰی نَبِیِّنَا وَعَلَیْہِ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام की त़रफ़ वह्य फ़रमाई कि "ऐ मूसा (عَلَیْہِ السَّلَام) !

---

1 .....سنن ابن ماجه، كتاب الزهد، باب فی المكثرين، الحديث: ٤١٣٦، ج٤، ص٤٤١.

2 .....الجامع الصغير للسيوطی، الحديث: ٤٥٩٦، ص٢٨١.

3 .....المستدرك، كتاب الرقاق، باب اعلام النور فی الصدور، الحديث: ٧٩٣٣، ج٥، ص٤٤٢.

www.dawateislami.net

जब मैं किसी से मह़ब्बत करता हूं तो दुन्या को इस से अलग कर देता हूं और मैं अपने मुह़िब्बीन के साथ ऐसा ही करता हूं । ऐ मूसा (عَلَيْهِ السَّلَام) ! अगर तुम मालो दौलत को अपनी त़रफ़ आते देखो तो कहो कि किसी लग़ज़िश पर इ़ताब जल्दी हो गया और जब फ़क़्र को अपनी जानिब आते देखो तो कहो कि सालिह़ीन के शिआ़र को **मरह़बा** ।''(1)

ह़ज़रते सय्यिदुना दावूद عَلَيْهِ السَّلَام को वह़्य :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने ह़ज़रते सय्यिदुना दावूद عَلٰى نَبِيِّنَا وَعَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام की त़रफ़ वह़्य फ़रमाई कि ''ऐ दावूद (عَلَيْهِ السَّلَام) ! जिस ने दुन्यावी ख़्वाहिशात को आख़िरत की राह़तों पर तरजीह़ दी उस ने ऐसी गिरह थामी जिस में मज़बूत़ी नहीं और जिस ने उख़रवी राह़तों को ख़्वाहिशाते दुन्या पर फ़ौक़िय्यत दी उस ने बड़ी मज़बूत़ गिरह थामी जिसे कभी खुलना नहीं ।''

ह़ज़रते सय्यिदुना ईसा عَلَيْهِ السَّلَام को वह़्य :

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने ह़ज़रते सय्यिदुना ईसा عَلٰى نَبِيِّنَا وَعَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام की त़रफ़ वह़्य फ़रमाई कि ''ऐ ईसा (عَلَيْهِ السَّلَام) ! बनी इस्राईल से फ़रमाओ कि मेरी त़रफ़ से दो बातें याद कर लो । उन से फ़रमाओ कि अपने दीन की सलामती के साथ थोड़ी दुन्या पर राज़ी रहो जिस त़रह़ दुन्यादार अपनी दुन्या की सलामती के लिये थोड़े पर राज़ी रहते हैं ।''(2)

मुनाजात की लज़्ज़त से मह़रूमी :

बा'ज़ आस्मानी किताबों में है कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है : ''जब अह़्ले इ़ल्म में से कोई दुन्या की त़रफ़ माइल होता

1 .....حلية الاولياء،تكملة كعب الاحبار،الحديث:٧٦٢١،ج٦،ص٥،بدون قوله"واوحى ..... الى باحبابى".

2 .....احياء علوم الدين، كتاب ذم الدنيا، ج٣،ص٢٥٥.

www.dawateislami.net

है तो मैं उस के साथ सब से हल्का मुआ़मला येह करता हूं कि उस के दिल से मुनाजात की लज़्ज़त निकाल देता हूं।"(1)

ऐ दुन्या कड़वी हो जा :

ह़दीसे क़ुदसी में है कि **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ने दुन्या से इरशाद फ़रमाया : "ऐ दुन्या ! मेरे औलिया के लिये कड़वी हो जा, उन्हें फ़ितने में मुब्तला करने के लिये मीठी न बन।"(2)

सय्यिदुना अ़ली كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهُ الْكَرِيْم के अक़्वाल

दो सोकनें :

﴿1﴾.....अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अ़लिय्युल मुर्तज़ा كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهُ الْكَرِيْم फ़रमाते हैं : "दुन्या व आख़िरत की मिसाल मशरिक़ो मग़रिब जैसी है, तू इन में से किसी एक से जितना क़रीब होगा दूसरी से उतना ही दूर हो जाएगा। या इन की मिसाल दो सोकनों जैसी है, तू इन में से किसी एक को ख़ुश करेगा तो दूसरी नाराज़ हो जाएगी। या इन की मिसाल दो ऐसे बरतनों जैसी है जिन में से एक भरा हो और दूसरा ख़ाली, तो ख़ाली बरतन को जितना भरेगा दूसरा उतना ही ख़ाली हो जाएगा।"(3)

दुन्या में छे चीज़ें हैं :

﴿2﴾.....अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अ़लिय्युल मुर्तज़ा كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهُ الْكَرِيْم फ़रमाते हैं : "मैं ने दुन्या में छे चीज़ें पाईं :

---

1 .....احیاء علوم الدین، کتاب العلم، الباب السادس فی آفات العلم.....الخ، ج۱، ص۸۸، مفهومًا.

2 .....المستطرف فی کل فن مستظرف، الباب الثالث والثمانون فی ذکر الدنیا.....الخ، ج۲، ص۵۰۳.

3 .....میزان العمل للغزالی علیه رحمة الله الوالی، ص٤٦.

www.dawateislami.net

(1).....**खाना :** सब से बेहतरीन खाना शहद है और वोह मख्खी का लुआ़ब है (2)....**मश्रूब :** सब से बेहतरीन मश्रूब पानी है और इस में नेको बद बराबर हैं (3)....**ख़ुश्बू :** सब से अच्छी ख़ुश्बू कस्तूरी है और वोह हिरन का ख़ून है (4)....**लिबास,** सब से उ़म्दा लिबास रेशम है और वोह कीड़ों के लुआ़ब से बनता है (5).....**सुवारी :** सब से अच्छी सुवारी घोड़ा है और उस पर सुवार हो कर लोगों को क़त्ल किया जाता है और (6)....**बीवी :** (जिस से सोह़बत की जाती है) और येह पेशाब गाह का पेशाब गाह में जाना है और तेरे लिये इतनी बात ही काफ़ी है कि औ़रत अपने बदन के सब से अच्छे हि़स्से को संवारती है लेकिन उस के सब से बुरे मक़ाम की त़लब होती है।''(1)

ज़ाहिदीन के लिये ख़ुशख़बरी :

﴿3﴾.....अमीरुल मोमिनीन ह़ज़रते सय्यिदुना अ़लिय्युल मुर्तज़ा كَرَّمَ اللّٰهُ تَعَالٰى وَجْهَهُ الْكَرِيْم फ़रमाते हैं : ''दुन्या से बे रग़बती और आख़िरत में रग़बत रखने वालों के लिये ख़ुशख़बरी है। येह वोह लोग हैं जिन्हों ने ज़मीन को फ़र्श बना लिया, मिट्टी को बिछौना, पानी को ख़ुश्बू बनाया, मुनाजात व तिलावते क़ुरआन को अपनी पहचान और शिआ़र बना लिया और उन्हों ने ह़ज़रते सय्यिदुना ईसा रूहुल्लाह عَلٰى نَبِيِّنَا وَعَلَيْهِ الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام के रास्ते पर चलते हुवे दुन्या से किनारा कशी इख़्तियार कर ली।''(2)

इस मफ़्हूम के चन्द अश्आ़र :

اِنَّ لِلّٰهِ رِجَالًا فُطُنَا ۔۔۔ طَلَّقُوا الدُّنْيَا وَخَافُوْا الْفِتَنَا

نَظَرُوْا فِيْهَا فَلَمَّا عَلِمُوْا ۔۔۔ اِنَّهَا لَيْسَتْ لِحَيٍّ وَطَنَا

جَعَلُوْا هَا الْجَنَّةَ وَاتَّخَذُوْا ۔۔۔ صَالِحَ الْاَعْمَالِ فِيْهَا سُفُنَا

---

1 .....احیاء علوم الدین، کتاب ذم الدنیا، باب بیان ذم الدنیا، ج۳، ص ۲۶۰، بتغیرٍ قلیلٍ.

2 .....حلیة الاولیاء، الرقم ٤ علی بن ابی طالب رضی الله عنه، الحدیث: ۲۴۲، ج۱، ص ۱۲۰.

www.dawateislami.net

तर्जमा : (1).....बेशक **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के कुछ ऐसे बन्दे भी हैं जिन्हों ने फ़ितने से डर कर दुन्या को छोड़ दिया।

(2).....उन्हों ने दुन्या में ग़ौरो फ़िक्र किया, फिर जब येह जान लिया कि येह ज़िन्दा लोगों का देस नहीं है।

(3).....तो उन्हों ने दुन्या को भंवर ठहरा कर उस में आ'माले सालिह़ा को सफ़ीना बना लिया।[1]

दुन्या ख़सीस है :

ह़ज़रते सय्यिदुना सईद बिन मुसय्यब رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं : "दुन्या ख़सीस है और हर ख़सीस से मुशाबहत रखती है और इस से ज़ियादा ख़सीस वोह शख़्स है जो इसे बिला ज़रूरत ह़ासिल करता है।"[2]

जैसा कि मुतनब्बा ने कहा :

وَشِبْهُ الشَّيْءِ مُنْجَذِبٌ اِلَيْهِ وَاَشْبَهُنَا بِدُنْيَا نَا الطَّغَام

وَلَوْلَمْ يَعْلُ اِلَّا ذُوْ مَحَلٍ تَعَالَى الْجَيْشُ وَانْحَطَّ الْقَتَام

तर्जमा :

(1).....जो चीज़ जिस से मुशाबहत रखती है वोह उसी की त़रफ़ माइल होती है और दुन्या में हमारी मुशाबहत घटया लोगों के साथ है।

(2).....और अगर हर ज़ी मर्तबा चीज़ बुलन्द होती तो लश्कर ऊपर और ग़ुबार नीचे होता।[3]

❁❁❁❁❁❁❁

1 .....مرقاة المفاتيح، كتاب الرقاق، باب الامل والحرص، تحت الحديث: ٥٢٧٤، ج٩ص١٢٦.

2 .....حلية الاولياء، الرقم ١٧٠، سعيدبن مسيب، الحديث: ١٩٠٥، ج٢، ص١٩٣.

3 .....شرح ديوان المتنبى، ص٨٣.

www.dawateislami.net

सय्यिदुना ह़सन बसरी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِى के अक़्वाल

मौत ने दुन्या को रुस्वा कर दिया :

﴿1﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना ह़सन बसरी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِى फ़रमाते हैं : "मौत ने दुन्या को रुस्वा कर दिया और किसी अ़क़्लमन्द के लिये इस में कोई ख़ुशी नहीं छोड़ी। अल्लाह عَزَّوَجَلَّ उस शख़्स पर रह़्म फ़रमाए जो बोसीदा कपड़े पहने, गिरे पड़े टुकड़े खा कर गुज़ारा करे, ज़मीन से चिपका रहे, अपने गुनाहों पर रोता रहे और अच्छे त़रीक़े से इ़बादात बजा लाता रहे।"(1)

दुन्यावी मश़्ग़ूलिय्यत से बचो :

﴿2﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना ह़सन बसरी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِى फ़रमाते हैं : "जब दिल में दुन्या की मह़ब्बत बस जाती है तो इस से आख़िरत का ख़ौफ़ निकल जाता है। दुन्यावी मश़्ग़ूलिय्यत से बचो ! क्यूंकि जो अपने लिये दुन्या का एक दरवाज़ा खोलता है उस के लिये उख़रवी आ'माल के कई दरवाज़े बन्द कर दिये जाते हैं।"(2)

आदमी मिस्कीन है :

﴿3﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना ह़सन बसरी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِى फ़रमाते हैं : "आदमी मिस्कीन है, अपने माल को तो कम समझता है लेकिन अपने अ़मल को कम नहीं समझता। दीनी मुसीबत पर ख़ुश होता

---

1 .....حلية الاولياء،الرقم١٦٩حسن بصرى،الحديث:١٨١٥،١٨١٧،ج٢،ص١٧٠،١٧١.

2 .....احياء علوم الدين، كتاب ذم الدنيا،ج٣،ص٢٥٨،مفهومًا.

www.dawateislami.net

है और दुन्यावी मुसीबत पर चीख़ो पुकार करता है। दुन्या की बुन्याद तो ऐ़बों और बीमारियों पर ही रखी गई है। अगर तुम ऐ़बों और बीमारियों से नजात पा लो तो मौत से फिर भी नहीं बच सकते।''(1)

किसी ने क्या ख़ूब कहा है, **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ कहने वाले को जज़ाए ख़ैर दे :

هَبِ الدُّنْيَاتُوَا تِيْكَا　　اَلَيْسَ الْمَوْتُ يَأْ تِيْكَا
اَ لَايَاطَالِبَ الدُّنْيَا　　دَ عِ الدُّنْيَالِشَانِيْكَا
فَمَاتَصْنَعُ بِالدُّنْيَا　　وَظِلُّ الْمَيْلِ يَكْفِيْكَا
كَمَااَضْحَكَكَ الدَّ هْرُ　　كَذَاكَ الدَّ هْرُيُبْكِيْكَا

तर्जमा : (1).....तू दुन्या को छोड़ दे येह तुझे बरबाद कर देगी। क्या तुझे मौत नहीं आएगी ?

(2).....ऐ दुन्या के त़लबगार ! सुन, अपने (उख़रवी) मुआ़मले के लिये दुन्या को तर्क कर दे।

(3).....तू दुन्या का क्या करेगा ? येह ढलते हुवे साए तुझे इ़ब्रत के लिये काफ़ी हैं।

(4).....ज़माना जिस त़रह़ तुझे हंसाता है उसी त़रह़ तुझे रुलाएगा।

दुन्या इमाम बाक़िर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की नज़र में :

ह़ज़रते सय्यिदुना इमाम मुह़म्मद बाक़िर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का फ़रमान है कि ''दुन्या क्या है और अ़न क़रीब क्या हो जाएगी ? येह एक सुवारी ही तो है जिस पर तुम सुवार हो या कपड़ा है जिसे तुम ने पहन लिया या औ़रत है जिसे तुम ने ह़ासिल कर लिया है।''(2)

---

1 .....احیاء علوم الدین، کتاب ذم الدنیا، ج۳، ص۲۵۸، دون قوله علی الاسقام.....الخ.

2 .....حلیة الاولیاء، الرقم۲۳۵، محمدبن علی الباقر، الحدیث:۳۷۳۶، ج۳، ص۲۱۳.

www.dawateislami.net

जन्नत में पहले दाख़िल होने वाले :

हज़रते सय्यिदुना वह्ब बिन मुनब्बेह رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه फ़रमाते हैं : जन्नत के 8 दरवाज़े हैं जब लोग इन दरवाज़ों पर पहुंचेंगे तो ख़ाज़िने जन्नत उन से कहेंगे : "हमें अपने रब عَزَّوَجَلَّ की इ़ज़्ज़त की क़सम ! दुन्या से बे रग़बती रखने और जन्नत से मह़ब्बत करने वालों से पहले कोई इस में दाख़िल नहीं होगा।"(1)

ज़मीन बोलने लगी :

हज़रते सय्यिदुना मुह़म्मद बिन सीरीन عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْمُبِيْن फ़रमाते हैं : "दो शख़्स ज़मीन के मुआ़मले में लड़ रहे थे कि अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने ज़मीन को हुक्म फ़रमाया कि "इन दोनों से कलाम कर।" चुनान्चे, ज़मीन कहने लगी : "ऐ मिस्कीनो ! तुम से पहले तन्दुरुस्त लोगों के इ़लावा हज़ार मा'ज़ूर भी मेरे मालिक बन चुके हैं।"(2)

❁❁❁❁❁❁❁

सय्यिदुना अबू ह़ाज़िम رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه के अक़्वाल

दुन्या की ना पाएदारी :

﴾1﴿......हज़रते सय्यिदुना अबू ह़ाज़िम मदनी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْغَنِی फ़रमाते हैं : "दुन्या की जो चीज़ भी तुम्हें ख़ुश करती है उस के साथ तकलीफ़ ज़रूर होती है।"(3)

---

1 ....احياء علوم الدين، كتاب الفقر والزهد، بيان فضيلة الزهد، ج٤، ص٢٧٦.

2 ....حلية الاولياء، الرقم١٩٣ محمدبن سرين، الحديث:٢٣٦٧، ج٢، ص٣١٣.

3 ....صفة الصفوة، الرقم١٨٥، ابو حازم سلمة بن دينار، ج١، الجزء الثانی، ص١١١.

www.dawateislami.net

दुन्या ग़म का घर है :

﴿2﴾.....दुन्या फ़ना होने की जगह है, इस को क़रार नहीं, दुन्या ग़म का घर है, ख़ुशी का नहीं, तंगी का घर है ख़ुशहाली का नहीं ।[1]

﴿3﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना अबू ह़ाज़िम मदनी عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْغَنِی की अहलिय्या ने उन से अ़र्ज़ की, कि : "अचानक सर्दी हो गई है और खाना, लिबास और लकड़ियों के सिवा हमारा कोई चारा नहीं है ।" आप رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ ने फ़रमाया : "इन के बिग़ैर तो चारा है लेकिन मौत, फिर मरने के बा'द उठाए जाने और **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के दरबार में ह़ाज़िर होने और इस के बा'द जन्नत या जहन्नम से छुटकारा नहीं है ।"[2]

फ़ाजिर दुन्या की हर चीज़ में सबक़त ले गए :

﴿4﴾.....आप رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ मज़ीद फ़रमाते हैं : "तुम दुन्या की जिस चीज़ की त़रफ़ भी हाथ बढ़ाओगे तो किसी फ़ासिक़ को उस की त़रफ़ सबक़त करता पाओगे ।"[3]

दुन्या से दूरी बड़ी ने'मत है :

﴿5﴾.....आप رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं : "**अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की येह ने'मत कि उस ने दुन्या को मुझ से दूर रखा, उस ने'मत से अफ़्ज़ल है कि वोह मुझे दुन्या अ़त़ा फ़रमाता (क्यूंकि येह ने'मत जिन लोगों को भी मिली वोह इस के सबब हलाक हो गए) ।"[4]

---

1 .....احیاء علوم الدین، کتاب الفقر والزھد، بیان فضیلۃ الزھد، ج٤، ص٢٧٧، مفھومًا.

2 .....احیاء علوم الدین، کتاب الفقر والزھد، بیان فضیلۃ الزھد، ج٤، ص٢٧٧، مفھومًا.

3 .....احیاء علوم الدین، کتاب ذم الدنیا، بیان ذم الدنیا، ج٣، ص٢٥٩.

4 .....صفۃ الصفوۃ، الرقم ١٨٥، ابو حازم سلمۃ بن دینار، ج١، الجزء الثانی، ص١٠٨.

www.dawateislami.net

ख़्वाब और आरज़ूएं :

﴾6﴿......आप رَحْمَةُاللّٰهِ تعالٰی عَلَیْه फ़रमाते हैं : "दुन्या का जो हि़स्सा गुज़र गया वोह एक ख़्वाब है और जो बाक़ी है वोह आरज़ूएं हैं।"(1)

इस मफ़्हूम को किसी शाइ़र ने यूं बयान किया है :

كَعَبُوْرِطَيْفٍ اَوْكَظِلٍ زَائِلٍ　　اِنَّ اللَّبِيْبَ بِمِثْلِهَالَايُخْدَعِ

तर्जमा : येह दुन्या गुज़रे हुवे ख़्वाबो ख़याल या ढलने वाले साए की मिस्ल है। बेशक अ़क़्लमन्द शख़्स इस जैसी चीज़ से धोका नहीं खाता।

अबू त़य्यिब मुतनब्बा ने कहा :

وَكَمْ مَنْ يَّعْشَقُ الدُّنْيَا قَدِيْمًا　　وَلٰكِنْ لَاسَبِيْلَ اِلَى الْوِصَالِ
نَصِيْبُكَ فِيْ حَيَاتِكَ مِنْ حَبِيْبٍ　　نَصِيْبُكَ فِيْ مَنَامِكَ مِنْ خَيَالِ

तर्जमा : (1)......दुन्या के कितने ही आ़शिक़ बोसीदा हो गए लेकिन फिर भी उन के लिये विसाल की कोई राह नहीं।

(2)......तेरी ज़िन्दगी में मह़बूब चीज़ से तेरा इतना ही हि़स्सा है जितना तू सोते में ख़्वाब देख ले।(2)

सय्यिदुना लुक़्मान رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के इरशादात

﴾1﴿......ह़ज़रते सय्यिदुना लुक़्मान رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ फ़रमाते हैं : "जिस ने दुन्या को आख़िरत के इ़वज़ फ़रोख़्त कर दिया उस ने दुन्या व आख़िरत दोनों में फ़ाएदा उठाया और जिस ने दुन्या के बदले आख़िरत को बेच दिया उस ने दुन्या व आख़िरत में ख़सारा उठाया।"(3)

1......حلیة الاولیاء،الرقم۲٤٠،سلمة بن دینار،الحدیث:۳۹۳۸،ج۳،ص۲۷۵.

2......شرح دیوان المتنبی،ج۱،ص۱۹۵.

3......احیاء علوم الدین،کتاب ذم الدنیا،باب بیان ذم الدنیا،ج۳،ص۲۵٦.

www.dawateislami.net

बेटे को नसीह़त :

﴿2﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना लुक़्मान رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने अपने बेटे को नसीह़त करते हुवे इरशाद फ़रमाया : "ऐ मेरे बेटे ! दुन्या एक गहरा समन्दर है और इस में बेशुमार लोग डूब चुके हैं। इस में तक़्वा तेरी कश्ती होना चाहिये। इस को ईमान से भर दो और तवक्कुल को इस का बादबान बनाओ ताकि तुम्हें नजात ह़ासिल हो और मुझे नहीं मा'लूम कि तुम नजात पाओगे।"(1)

❁❁❁❁❁❁❁

सय्यिदुना मालिक बिन दीनार عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْغَفَّار के अक़्वाल

जिस्म और दिल :

﴿1﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना मालिक बिन दीनार عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْغَفَّار फ़रमाते हैं : "जब जिस्म बीमार होता है तो खाने, पीने, सोने और आराम करने से उसे कुछ फ़ाएदा नहीं होता इसी त़रह़ दिल पर जब दुन्या की मह़ब्बत ग़ालिब आ जाती है तो उसे नसीह़त करने से कोई फ़ाएदा नहीं होता।"(2)

दुन्या मेरे घर में दाख़िल न फ़रमा :

﴿2﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना मालिक عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْخَالِق ने अपने अस्ह़ाब से फ़रमाया : मैं दुआ करता हूं, तुम आमीन कहना। फिर आप رَحْمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ ने दुआ की : اَللّٰھُمَّ لَا تُدْخِلْ بَیْتَ مَالِکٍ مِّنَ الدُّنْیَا لَا قَلِیْلٌ وَّلَا کَثِیْر

---

1 .....احیاء علوم الدین، کتاب ذم الدنیا، باب بیان ذم الدنیا، ج۳، ص۲۵۶.

2 .....حلیۃ الاولیاء، الرقم ۲۰۰، مالك بن دینار، الحدیث: ۲۷۷۳، ج۲، ص۴۱۲، بتغیرٍ قلیلٍ.

www.dawateislami.net

"या'नी ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ मालिक के घर में दुन्या दाख़िल न फ़रमा, न थोड़ी न ज़ियादा।"(1)

﴿3﴾.....ह़ज़रते सय्यिदुना मालिक عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْخَالِق जब घर से निकलते तो दरवाज़े को रस्सी से बांध देते और फ़रमाते : "अगर कुत्ते न होते तो मैं इसे खुला छोड़ देता।"

﴿4﴾.....आप رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाया करते थे कि "बन्दा उस वक़्त तक सिद्दीक़ीन का मर्तबा नहीं पा सकता जब तक वोह अपनी ज़ौजा को ऐसे न छोड़ दे गोया कि वोह बेवा हो और उस की पनाहगाह कुत्तों के ठिकानों की त़रह़ न हो।"(2)

दुन्या का उम्मीदवार :

﴿5﴾.....एक मरतबा ह़ज़रते सय्यिदुना मालिक عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْخَالِق एक शख़्स के सामने से गुज़रे जो खजूर के पौदे लगा रहा था, आप वहां से जल्द गुज़र गए, फिर कुछ अ़र्से के बा'द दोबारा वहां से गुज़र हुवा तो देखा कि वोह पौदे फलदार हो चुके हैं, आप رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه ने खजूर लगाने वाले के बारे में दरयाफ़्त फ़रमाया किसी ने बताया कि वोह इन्तिक़ाल कर चुका है उस वक़्त आप رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه ने येह अश्आ़र कहे :

مُؤَمِّلُ دُنْيَالِتَبْقٰى لَهٗ　　فَمَاتَ الْمُؤَمِّلُ قَبْلَ الْاَمَل

يُرَبِّيْ فَسِيْلًاوَيُعْنٰى بِهٖ　　فَعَاشَ الْفَسِيْلُ وَمَاتَ الرَّجُل

तर्जमा : (1).....आदमी ने दुन्या से उम्मीद लगाई कि वोह इस के पास रहेगी लेकिन उम्मीदवार उम्मीद पूरी होने से पहले ही मौत का शिकार हो गया।

---

1 .....حلية الاولياء،الرقم ٢٠٠،مالك بن دينار،الحديث:٦ ٢٨٠،ج٢،ص٤١٩.

2 .....حلية الاولياء،الرقم ٢٠٠،مالك بن دينار،الحديث:٩ ٢٧٤،ج٢،ص٤٠٧.

www.dawateislami.net

(2).....उस ने खजूर की परवरिश व निगहदाश्त की फिर खजूर का दरख़्त तो बाक़ी रहा लेकिन वोह शख़्स दुन्या से चला गया।[1]

अबू अ़ताहिया ने कहा :

كَمْ عَامِرٍ دارًا لِيَسْكُنَ ظِلَّهَا سَكَنَ الْقُبُوْرَوَدَارَهُ لَمْ يَسْكُن

तर्जमा : बहुत से घर ता'मीर करने वालों ने इस उम्मीद पर घर ता'मीर किये कि इन के साए में रहेंगे लेकिन वोह घरों में बसेरा करने के बजाए क़ब्रों के मकीन बन गए।

"कलिमए त़य्यिबा" हिफ़ाज़त करता है :

बा'ज़ रिवायात में है कि "لَا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ" उस वक़्त तक अपने पढ़ने वालों की हिफ़ाज़त करता है जब तक वोह दुन्या को दीन पर तरजीह़ न दें। पस जब वोह दुन्या को दीन पर तरजीह़ देते हुवे येह कलिमा पढ़ते हैं तो **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ इरशाद फ़रमाता है : "तुम झूटे हो, इस क़ौल में सच्चे नहीं।"[2]

दुन्या को मुझ से रोक दे :

एक बुज़ुर्ग رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه इस त़रह़ दुआ मांगा करते थे कि "ऐ वोह ज़ात ! जिस ने आस्मान को ज़मीन पर गिरने से रोक रखा है मगर तेरी इजाज़त से दुन्या को मेरे पास आने से रोक दे।"[3]

---

1 .....حلية الاولياء،الرقم ٢٠٠،مالك بن دينار،الحديث:٢٨٧٧،ج٢،ص٤٣٤.

2 .....احياء علوم الدين،كتاب الفقر والزهد،بيان فضيلة الزهد،ج٤،ص٢٧٦.

3 .....احياء علوم الدين،كتاب ذم الدنيا،بيان ذم الدنيا،ج٣،ص٢٥٩.

www.dawateislami.net

दीन बचता है न दुन्या :

एक मरतबा ह़ज़रते सय्यिदुना इब्राहीम बिन अदहम عَلَيهِ رَحمَةُ اللهِ الاَكرَم मन्सूर के पास गए। तो उस ने आप رَحمَةُاللّٰهِ تعَالٰی عَلَيه से दरयाफ़्त किया कि "ऐ इब्राहीम बिन अदहम (عَلَيهِ رَحمَةُ اللهِ الاَكرَم) ! आप (दुन्या के बारे में) क्या कहते हैं?" आप رَحمَةُاللّٰهِ تعَالٰی عَلَيه ने उस के जवाब में येह शे'र पढ़ा :

نُرَقِّعُ دُنيَانَا بِتَمزِيقِ دِينِنَا　　　فَلا دِينُنَا يَبقٰى وَلَا مَا نُرَقِّعُ

तर्जमा : हम अपने दीन को टुकड़े टुकड़े कर के दुन्या बेहतर बनाते हैं तो हमारा दीन बचता है न दुन्या।[1]

❁❁❁❁❁❁❁

सय्यिदुना दावूद ताई رَحمَةُاللّٰهِ تعَالٰی عَلَيه के अक़्वाल

आख़िरत के हुसूल की कोशिश कर :

﴾1﴿......एक शख़्स ह़ज़रते सय्यिदुना दावूद ताई رَحمَةُاللّٰهِ تعَالٰی عَلَيه से नसीह़त का त़ालिब हुवा तो आप رَحمَةُاللّٰهِ تعَالٰی عَلَيه ने फ़रमाया : "दुन्या की ने'मतें छोड़ कर आख़िरत के हुसूल की कोशिश कर और लोगों से इस त़रह़ भाग जिस त़रह़ शेर से भागता है।"[2]

---

1 ......احیاء علوم الدین، کتاب ذم الدنیا، بیان ذم الدنیا، ج۳، ص۲۵۶.

2 ......احیاء علوم الدین، کتاب آدب العزلہ، الباب الاول فی...... الخ، ج۲، ص۲۷۸.

www.dawateislami.net

अभी अभी क़ैद से आज़ाद हुवा हूं :

﴾2﴿......एक शख़्स ने हज़रते सय्यिदुना दावूद ताई رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه को ख़्वाब में दौड़ते हुवे देखा तो पूछा : "ऐ अबू सुलैमान ! क्या मुआ़मला है ?" आप رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने फ़रमाया : "अभी अभी क़ैद से आज़ाद हुवा हूं ।" जब वोह शख़्स बेदार हुवा तो किसी ने उसे बताया कि "ह़ज़रते सय्यिदुना दावूद ताई رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه इन्तिक़ाल फ़रमा गए हैं ।"(1)

❁❁❁❁❁❁❁

सय्यिदुना फ़ुज़ैल رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه के अक़्वाल

भलाई व बुराई की चाबी :

﴾1﴿......ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ुज़ैल बिन इयाज़ رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه फ़रमाते हैं : "सारे का सारा शर घर में होता है जिस की चाबी दुन्या में रग़बत रखना है और तमाम की तमाम भलाई भी घर में होती है जिस की चाबी दुन्या से बे रग़बती रखना है ।"(2)

दुन्या ठीकरी और आख़िरत सोना है :

﴾2﴿......ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ुज़ैल बिन इयाज़ رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने इरशाद फ़रमाया : "अगर दुन्या सोने की होती फिर भी फ़ना हो जाती और अगर आख़िरत ठीकरी की होती तो भी बाक़ी रहती । इस लिये हमें चाहिये कि हम बाक़ी रहने वाली ठीकरी को ख़त्म हो जाने वाले सोने पर तरजीह़ दें, तो उस का क्या बनेगा जिस ने बाक़ी रहने वाले सोने (या'नी आख़िरत) के मुक़ाबले में फ़ना होने वाली ठीकरी (या'नी दुन्या) को इख़्तियार कर रखा है ।"(3)

---

1 ......الرسالة القشيرية،ابو سليمان،داؤد بن نصير الطائى،ص ٣٥ .

2 ......قوت القلوب،الفصل الثانى و الثلاثون،شرح مقامات اليقين،ج ١،ص ٤٢٩ .

3 ......احياء علوم الدين،كتاب ذم الدنيا،باب بيان ذم الدنيا،ج ٣،ص ٢٥٦ .

www.dawateislami.net

मैं फिर भी दुन्या से बचूंगा :

﴾3﴿......आप رَحْمَةُاللهِ تعالٰی عَلَیْه मजी़द फ़रमाते हैं : अगर मुझे दुन्या दी जाए और कहा जाए कि "इस में से ह़लाल ले लो इस का तुम से कोई हि़साब नहीं होगा।" तो मैं फिर भी इस से इस त़रह़ नफ़रत करूंगा जिस त़रह़ तुम में से कोई मुर्दार से नफ़रत करता है, जब उस के पास से गुज़रता है तो उस से अपने कपड़े बचाता है।(1)

इमाम शाफे़ई عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْكَافِی फ़रमाते हैं :

हज़रते सय्यिदुना इमाम शाफे़ई عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْكَافِی फ़रमाते हैं : "अगर दुन्या बाज़ार में रखा हुवा सामान होता तो भी मैं इसे एक रोटी के इ़वज़ भी न ख़रीदता क्यूंकि मैं इस में मौजूद आफ़ात को देख चुका हूं।" फिर आप رَحْمَةُاللهِ تعالٰی عَلَیْه ने येह अश्आ़र पढ़े :

وَمَنْ يَجْهَلِ الدُّنْيَافَإِنِّي عَرَفْتُهَا   وَسِيْقَ اِلَيْنَاعَذْبُهَاوَعَذَابُهَا

فَلَمْ اَرَهَااِلَّاغُرُوْرًاوَّبَاطِلًا   كَمَالَاحَ فِيْ ظَهْرِالْفَلَاةِ سَرَابُهَا

وَمَاهِيَ اِلَّاجِيْفَةٌ مُّسْتَحِيْلَةٌ   عَلَيْهَاكِلَابٌ هَمُّهُنَّ اِجْتِذَابُهَا

فَاِنْ تَجْتَنِبْهَاعِشْتَ سِلْمًالِاَهْلِهَا   وَاِنْ تَجْتَذِبْهَاجَاذَبَتْكَ كِلَابُهَا

तर्जमा : (1)......कौन है जो दुन्या को नहीं जानता मैं तो इसे जान चुका हूं। इस की मिठास और इस की तकालीफ़ हमारी त़रफ़ बढ़ा दी गईं।

(2)......मैं ने इसे धोका और बाति़ल पाया जैसे वोह रेत जो दोपहर के वक़्त जंगल बयाबान में धूप की शिद्दत की वज्ह से पानी मा'लूम हो।

(3)......येह एक सड़े हुवे मुर्दार की त़रह़ है जिस पर कुत्तों को छोड़ दिया गया हो जिन का काम उसे नोचना और फाड़ खाना है।

(4)......अगर तू इस से बचेगा तो सलामती वाली ज़िन्दगी गुज़ारेगा और अगर इसे लेने की कोशिश करेगा तो इस के कुत्ते तुझे नोच डालेंगे।

---

(1)......الرسالة القشيرية،ابوعلی الفضيل بن عياض،ص ٢٥ .

www.dawateislami.net

जो दुन्या मांगता है :

